रोहतक
गुरुवार, 25 अप्रैल 2024
वैशाख मास कृष्ण पक्ष, द्वितीया वर्ष : 28, अंक : 88
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 37.7
न्यून. 17.3

हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



07 कांग्रेस ने पिछले दरवाजे से धर्म आधारित आरक्षण दिया

# चुनावी बॉण्ड : कॉरपोरेट और नेताओं के बीच सांठगांठ की जांच की मांग

*चुनावी बॉण्ड डेटा के जरिए जिन तथ्यों का खुलासा हुआ, उसकी जांच की जाए*

**नई दिल्ली (भाषा)।** सुप्रीम कोर्ट में चुनावी बॉण्ड की जांच से जुड़ी के लिए एक याचिका दायर की गई है। याचिका में इलेक्टोरल बॉन्ड्स (चुनावी बॉन्ड्स) के माध्यम से कॉरपोरेट्स और राजनीतिक दलों के बीच परस्पर सांठगांठ के कथित उदाहरणों की जांच एक विशेष जांच दल (एसआईटी) से कराने की मांग की गई है। याचिका में शेल कंपनियों और घाटे में चल रही कंपनियों की ओर से विभिन्न राजनीतिक दलों को मिलने वाले वित्त पोषण के स्रोत की जांच करने का निर्देश देने की भी मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि चुनावी बॉण्ड डेटा के जरिए जिन तथ्यों का खुलासा किया गया है, उनकी विस्तृत जांच कराई जानी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण ने शीर्ष अदालत में यह याचिका दाखिल की है।

- सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील प्रशांत ने शीर्ष अदालत में दाखिल की याचिका
- शेल कंपनियों और घाटे में चल रही कंपनियों' के वित्त पोषण के स्रोत का पता लगाएं

### 'परस्पर लाभ पहुंचाने' की जांच हो



याचिका में राजनीतिक दलों, कॉरपोरेट घरानों और चुनावी बॉण्ड के जरिये दिए गए चंदे की जांच कर रही एजेंसियों के अधिकारियों के बीच 'परस्पर लाभ पहुंचाने' की कथित घटनाओं की अदालत की निगरानी में एसआईटी जांच कराने का अनुरोध किया गया है। शीर्ष अदालत की पांच-सदस्यीय संविधान पीठ ने 15 फरवरी को राजनीतिक दलों को गोपनीय रूप से चंदा देने से जुड़ी भाजपा सरकार की चुनावी बॉण्ड योजना को रद कर दिया था।

### एसबीआई ने साझा किया डेटा

सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद चुनावी बॉण्ड के अधिकृत विक्रेता बैंक 'भारतीय स्टेट बैंक' ने निर्वाचन आयोग के साथ डेटा साझा किया था, जिसने बाद में सूचनाओं को सार्वजनिक कर दिया। सरकार द्वारा दो जनवरी, 2018 को अधिसूचित चुनावी बॉण्ड योजना को राजनीतिक दलों को दिए जाने वाले नकद चंदे के विकल्प के रूप में पेश किया गया था। इस योजना को राजनीतिक दलों को चंदा देने में पारदर्शिता लाने के प्रयास के तहत शुरू किया गया था।

# चुनाव कंट्रोल नहीं कर सकते : डेटा के लिए ईसी पर भरोसा करना होगा

*वीवीपैट वेरिफिकेशन पर सुप्रीम कोर्ट में फैसला सुरक्षित*

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के जरिए डाले गए वोटों के साथ सभी वोटर-वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) की सभी पर्चियों के मिलान की मांग करने वाली याचिकाओं को लेकर बुधवार को सुनवाई की। इसके बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। कोर्ट ने ईवीएम-वीवीपैट मामले में इस तकनीक से जुड़े चार-पांच और बिंदुओं पर जानकारी मांगी और निर्वाचन आयोग के अफसरों को दोपहर दो बजे के बाद जवाब दाखिल करने का वक्त दिया था। इस सुनवाई के बाद जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दत्ता की पीठ ने कहा कि, हम चुनावों को कंट्रोल नहीं कर सकते, डेटा के लिए चुनाव आयोग पर विश्वास करना होगा। हम किसी अन्य संवैधानिक प्राधिकरण के कामकाज को नियंत्रित नहीं कर सकते। ईसीआई ने संदेह दूर कर दिया है। हम आपकी विचार प्रक्रिया को नहीं बदल सकते, हम ये नहीं कर सकते कि सिर्फ संदेह के आधार पर सुप्रीम ऑर्डर जारी कर दें।'

- चुनाव आयोग ने कहा, वोटर्स को वीवीपैट स्लिप देने में बड़ा रिस्क दूर किया कंफ्यूजन
- आयोग ने कहा सभी यूनिट में अपना-अपना माइक्रो कंट्रोलर, इन कंट्रोलर से छेड़छाड़ नहीं हो सकती

### यह कहा चुनाव आयोग ने

इस पर चुनाव आयोग ने कहा-वोटर्स को वीवीपैट स्लिप देने में बहुत बड़ा रिस्क है। इससे वोट की गोपनीयता से समझौता होगा और बूथ के बाहर इसका दुरुपयोग किया जा सकता है। इसका इस्तेमाल दूसरे लोग कैसे कर सकते हैं, हम नहीं कह सकते।



### आधे घंटे चली सुनवाई

याचिकाकर्ताओं के वकील प्रशांत भूषण ने कोर्ट में कहा कि, 'ईवीएम में प्रोसेसर चिप सिर्फ एक बार ही प्रोग्राम कर सकती है, इस पर संदेह है। इस पर जस्टिस खन्ना ने कहा कि हमें तकनीकी डेटा पर उनका (ईसीआई) भरोसा करना होगा।

## खबर संक्षेप

### पैन को 31 मई तक आधार से जोड़ें

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने कहा कि यदि करदाता 31 मई तक अपने पैन को आधार से जोड़ लें। ऐसा करने पर टीडीएस की कम कटौती के लिए कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। आयकर नियमों के अनुसार, यदि स्थायी खाता संख्या (पैन) को बायोमेट्रिक आधार से नहीं जोड़ा जाता है, तो लागू दर के मुकाबले दोगुनी दर से 'स्रोत पर कर कटौती' (टीडीएस) की जाएगी। भाषा

### डब्ल्यूएफआई एथलीट पैनल के अध्यक्ष बने नरसिंह



**वाराणसी।** राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता नरसिंह पंचम यादव को डब्ल्यूएफआई के एथलीट आयोग का अध्यक्ष चुना गया है। खेल की विश्व संचालन संस्था द्वारा अनिवार्य की प्रक्रिया भी पूरी हो गई। आयोग के 7 स्थानों के लिए आठ दावेदार दौड़ में थे। भाषा

### बंगाल : शिक्षकों की नियुक्ति रद मामला शीर्ष कोर्ट पहुंचा

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल सरकार ने राज्य के स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) द्वारा 25,753 शिक्षकों एवं शिक्षेतर कर्मचारियों की नियुक्ति को अवैध ठहराने के कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ उच्चतम न्यायालय का रुख किया है। आयोग ने राज्य द्वारा संचालित एवं सहायता प्राप्त स्कूलों के लिए नियुक्ति की थी। राज्य सरकार ने हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी है। भाषा

### आरबीआई के डिप्टी गवर्नर का कार्यकाल एक साल बढ़ा



**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के डिप्टी गवर्नर टी रविशंकर का कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ा दिया गया है। सूत्रों ने कहा कि मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने तीन मई, 2024 से रविशंकर का कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। भाषा

### कोटक महिंद्रा बैंक नए क्रेडिट कार्ड जारी न करे

**मुंबई।** आरबीआई ने आईटी मानदंडों का अनुपालन न करने की वजह से कोटक महिंद्रा बैंक को ऑनलाइन एवं मोबाइल बैंकिंग के जरिये नए ग्राहक जोड़ने और क्रेडिट कार्ड जारी करने से तत्काल प्रभाव से रोक दिया। आरबीआई ने एक बयान में कहा कि कोटक महिंद्रा बैंक के आईटी जोखिम प्रबंधन, सूचना सुरक्षा संचालन में 'गंभीर कमियां' पाए जाने पर ये कार्रवाइयां की गई हैं। इस फैसले से बैंक की मुस्किलें बढ़ गई। भाषा

## लोकसभा चुनाव: दूसरे चरण का प्रचार थमा, कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान कल

# 1202 प्रत्याशी 13 राज्यों की 88 सीटों पर ठोक रहे ताल

*एमपी, यूपी और बिहार समेत 13 राज्यों में डाले जाएंगे वोट, प्रचार के अंतिम दिन दिग्गजों ने झोंकी ताकत*

ओ.पी. पाल ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के लिए बुधवार को चुनावी शोर थम गया। अब प्रत्याशी घर-घर जाकर वोट मांग सकेंगे। दूसरे चरण में 13 राज्यों की 88 सीटों पर शुक्रवार को मतदान होगा। इस चरण में 103 महिलाओं और एक ट्रांसजेंडर समेत 1202 प्रत्याशी चुनाव मैदान में ताल ठोक रहे हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के अलवा चार केंद्रीय मंत्रियों और दो पूर्व मुख्यमंत्रियों की प्रतिष्ठा भी दांव पर लगी है। पूर्व मंत्रियों, पूर्व सीएम के बेटों, सांसदों, पूर्व सांसदों, विधायकों का भी सियासी भविष्य दांव पर है। इस चरण में 11 महिलाओं समेत सबसे ज्यादा 247 प्रत्याशी कर्नाटक की 14 सीटों पर चुनौती दे रहे हैं, जबकि सबसे कम 4 प्रत्याशी बाहरी मणिपुर सीट पर हैं, जहां कुछ विधानसभा क्षेत्रों में पहले चरण में भी मतदान कराया जा चुका है।

### सर्वाधिक निर्दलीय प्रत्याशी मैदान में

- इस चरण में 568 निर्दलीय प्रत्याशी मैदान में।
- सबसे ज्यादा 74 प्रत्याशी बसपा ने उतारे।
- भाजपा ने 69, कांग्रेस ने 68, सीपीआई(एम) ने 18, जदयू व भाकपा ने 5, समाजवादी पार्टी, तृणमूल व शिवसेना (यूबीटी) ने 4-4, शिवसेना ने 3-3, रालोद ने 1 व राजद ने 2 व कर्नाटक राष्ट्र समिति ने 14 प्रत्याशियों पर दांव लगाया।

### चुनावी जंग में दो पूर्व सीएम

- छत्तीसगढ़ की राजनांदगांव सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल दे रहे चुनौती।
- कर्नाटक की मॉडया सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमार स्वामी ठोंक रहे ताल।

### मणिपुर की शेष सीटों पर मतदान

बाहरी मणिपुर क्षेत्र की 28 में से 15 विधानसभा सीटों पर पहले चरण में मतदान हो चुका है। बाकी 13 विधानसभा क्षेत्रों में 26 अप्रैल को मतदान होगा।



### दागियों की भी भरमार

- 250 आपराधिक पृष्ठभूमि के प्रत्याशी हैं। 167 के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामले लंबित हैं। कांग्रेस के 35, भाजपा के 31व बसपा के 6 प्रत्याशी सूची में हैं।
- सबसे ज्यादा 243 आपराधिक मामले वायनॉड सीट पर भाजपा प्रत्याशी के. सुरेन्द्रन के खिलाफ हैं, जिसमें 139 गंभीर धाराओं में दर्ज मामले हैं।
- दूसरे पायदान 211 आपराधिक मामलों के साथ एर्नाकुलम सीट से भाजपा प्रत्याशी डा. डीके राधाकृष्णा के खिलाफ लंबित हैं।
- तीसरे पायदान पर इडुक्की सीट से कांग्रेस प्रत्याशी दीन कॉरीकॉज के खिलाफ लंबित हैं।
- इस चरण में में कुल 390 प्रत्याशी करोड़पति हैं।

### चार केंद्रीय मंत्री भी सियासी जंग में उतरे

- केरल की एंटीगल सीट से केंद्रीय संसदीय राज्यमंत्री वी. मुरलीधरन
- तिरुवंतपुरम सीट से केंद्रीय मंत्री राजीव चन्द्रशेखर
- राजस्थान की जोधपुर सीट से केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत
- बाडमेर से केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री कैलाश चौधरी
- कोटा सीट से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला मेदान में
- कांग्रेस के पूर्व मंत्री शशि थरुर तिरुवंतपुरम सीट से चुनावी जंग में

### इन राज्यों में मतदान

| राज्य | सीट | प्रत्याशी |
|---|---|---|
| असम | 5 | 61 |
| बिहार | 5 | 50 |
| छत्तीसगढ | 3 | 41 |
| जम्मू-कश्मीर | 01 | 22 |
| कर्नाटक | 14 | 247 |
| केरल | 20 | 194 |
| मध्य प्रदेश | 06 | 80 |
| महाराष्ट्र | 08 | 204 |
| राजस्थान | 13 | 152 |
| त्रिपुरा | 01 | 09 |
| उत्तर प्रदेश | 08 | 91 |
| पश्चिम बंगाल | 03 | 47 |
| मणिपुर | 01 | 04 |

### बैतूल सीट पर चुनाव टला

- दूसरे चरण में मध्य प्रदेश की बैतूल लोकसभा सीट पर बसपा प्रत्याशी के निधन के कारण चुनाव स्थगित कर दिया गया है, जहां अब तीसरे चरण में मतदान करवाया जाएगा।
- मध्य प्रदेश की दमोह लोकसभा सीट पर इस बार एक ट्रांसजेंडर दुर्गा मौसी मैदान में है।



## चुनावी रैली में बेहोश हुए नितिन गडकरी

**यवतमाल(भाषा)।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी बुधवार को पूर्वी महाराष्ट्र के यवतमाल जिले में एक चुनावी रैली में भाषण के दौरान बेहोश हो गए। भाजपा के वरिष्ठ नेता गडकरी पुसाद में चुनाव प्रचार कर रहे थे, जो यवतमाल-वाशिम लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है। गडकरी जैसे ही बेहोश हुए उनके साथ मौजूद सुरक्षाकर्मी उन्हें मंच से बाहर ले गए। हालांकि, केंद्रीय मंत्री कुछ मिनट बाद ठीक हो गए और उन्होंने भाषण पूरा किया। गडकरी (66) ने 'एक्स' पर इस घटना की जानकारी देते हुए एक पोस्ट में कहा, 'महाराष्ट्र के पुसाद में एक चुनावी रैली में गर्मी के कारण बेचैनी महसूस हुई। लेकिन, अब मैं पूरी तरह ठीक हूं और अगली रैली में हिस्सा लेने के लिए वरुड जा रहा हूं।'

सुरक्षाकर्मी मंच से उठाकर नीचे लेकर गए
**भाषण देते समय अचानक से तबीयत बिगड़ी**
रैली में गर्मी की वजह से असहज महसूस किया

## अंबाला में अग्निवीर की परीक्षा देकर लौट रहे 2 युवकों की मौत

*दिल्ली-अमृतसर हाईवे पर पिकअप व बाइक में टक्कर*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अग्निवीर की परीक्षा देने आए दो युवक हादसे का शिकार हो गए, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा है कि परीक्षा देने के बाद तीन युवक एक ही बाइक से घर लौट रहे थे। तभी रास्ते में दिल्ली-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे पर एक पिकअप ने टक्कर मार दी। दो युवकों प्रवीण और मोहम्मद अमीर की मौत हो गई, जबकि अजय को गंभीर चोटें आई। पुलिस ने पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए अंबाला छावनी के नागरिक अस्पताल में भेज दिया है। वहीं घायल को भी अस्पताल में दाखिल करवा दिया है। पिकअप चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।



**दर्दनाक**
मरने वालों में एक छछरौली और दूसरा चरखी दादरी का निवासी था एक ही बाइक पर सवार थे तीन युवक, एक की हालत खतरे से बाहर

### प्रवीण ने ली थी लिफ्ट

पड़ाव थाना प्रभारी दलीप कुमार ने बताया कि हादसे का शिकार हुए युवक एनएच-44 पर स्थित आसा राम स्कूल के सामने बने सेंटर में अग्निवीर की परीक्षा देने आए थे। इनमें यमुनानगर के छछरौली का अजय कुमार, अमीर अली व चरखी दादरी का प्रवीण शामिल था। परीक्षा देने के बाद अजय व अमीर बाइक पर सवार थे। अंबाला छावनी बस स्टैंड तक जाने के लिए प्रवीण ने भी इन युवकों से लिफ्ट ले ली। बस स्टैंड से पहले हाइवे पर शास्त्री नगर कट के पास महिंद्रा पिकअप गाड़ी ने तीनों युवकों को टक्कर मार दी और यह भीषण हादसा हो गया। जल्द ही आरोपित पिकअप चालक को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। अजय कर हालत खतरे से बाहर है।

*जेईई मेन का परिणाम घोषित*

### 56 परीक्षार्थियों ने हासिल किया 100 एनटीए स्कोर

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने बुधवार को इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए हुई जेईई-मुख्य परीक्षा के परिणाम घोषित किए, जिसमें 56 परीक्षार्थियों ने पूरा 100 एनटीए स्कोर हासिल किया। ऐसा करने वाले परीक्षार्थियों में सबसे अधिक तेलंगाना से हैं। एनटीए ने कहा कि परीक्षा में अनुचित तरीकों के इस्तेमाल को लेकर 39 परीक्षार्थियों के जेईई-मुख्य परीक्षा देने पर तीन साल का प्रतिबंध लगाया गया है। दस लाख से अधिक परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी थी।

**कामयाबी** डीआरडीओ ने बनाया 'सुरक्षा कवच', जवान रहेंगे सुरक्षित

# सबसे हल्की बुलेट प्रूफ जैकेट तैयार स्नाइपर की 6 गोलियां नहीं भेद सकीं

*आर्मी चीफ बोले-युद्ध में जाने से नहीं हिचकिचाएंगे जवान*

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने देश की सबसे हल्की बुलेट प्रूफ जैकेट बनाई है। रक्षा मंत्रालय ने इसकी जानकारी शेयर करते हुए कहा कि यह एक ऐसा सुरक्षा कवच है जो युद्ध जैसी स्थिति में जवानों को सुरक्षा उपलब्ध करवाएगा। पॉलिमर बैकिंग और मोनोलिथिक सिरेमिक प्लेट से तैयार की गई जैकेट को 6 स्नाइपर गोलियां भी भेद नहीं सकीं। मंत्रालय ने कहा कि जैकेट का इन-कंजक्शन (आईसीडब्ल्यू) और स्टैंडअलोन डिजाइन सैनिकों को 7.62x54 आरएपीआई (बीआईएस 17051 के लेवल 6) गोला-बारूद से सुरक्षा प्रदान करेगा।

### कानपुर में तैयार

जैकेट को कानपुर में मौजूद डीआरडीओ के रक्षा सामग्री और भंडार अनुसंधान और विकास प्रतिष्ठान ने तैयार किया है। जैकेट की टीबीआरएल चंडीगढ़ में टेस्टिंग की गई। रक्षा विभाग के अनुसंधान एवं विकास सचिव और डीआरडीओ अध्यक्ष ने हल्के बुलेटप्रूफ जैकेट को तैयार करने पर डीएमएसआरडीई को बधाई दी है।




### थलसेना अध्यक्ष ने दी बधाई

भारतीय सेना के प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने कहा कि देश युद्ध में जाने से नहीं हिचकिचाएंगे। राष्ट्र की सुरक्षा को न तो आउट सोर्स किया जा सकता है और न ही दूसरों की उदारता पर निर्भर किया जा सकता है। हाल-फिलहाल के घटित जियो-पॉलिटिकल (भू-राजनीतिक) घटनाक्रमों ने दर्शाया है कि जहां राष्ट्रीय हितों का सवाल है, देश युद्ध में जाने से नहीं हिचकिचाएंगे। सैन्य ताकत युद्ध को रोकने और उनका निवारण करने के साथ-साथ जरूरत पड़ने पर हमले का मजबूती से जवाब देने और युद्ध जीतने के लिए जरूरी है।

### राष्ट्र की सुरक्षा को आउट सोर्स नहीं किया जा सकता

राष्ट्र की सुरक्षा को न तो आउट सोर्स किया जा सकता है और न ही दूसरों की उदारता पर निर्भर किया जा सकता है। आर्मी चीफ ने सेना के विजन पर कहा कि हमारी आर्मी का आगे का विजन खुद को आधुनिक, फुर्तीली, अनुकूलक, टेक्नोलॉजी से चलने वाली और आत्म निर्भर बनाना है।





हॉट सीट

# हिसार के मतदाताओं ने कभी नहीं दी महिला के हाथ में चौधर

## अब तक 18 बार हुए लोकसभा चुनाव में नहीं दिया नेतृत्व का मौका। इस बार रोचक हुआ रण, चाचा ससुर के सामने देवीलाल परिवार के दो बहुएं

*2019 में 26 प्रत्याशियों ने अपना भाग्य आजमाया था, लेकिन कोई भी महिला मैदान में नहीं उतरी। मोदी लहर में भाजपा के बृजेंद्र सिंह ने जेजेपी के दुष्यंत चौटाला को 3 लाख 14 हजार से अधिक वोटों के अंतर से हराया था।*

शमशेर सैनी/हिसार

हरियाणा बनने से पहले ही हिसार लोकसभा सीट अस्तित्व आ गई थी। तब से लेकर अब तक हिसार सीट पर 18 बार लोकसभा चुनाव हो चुके हैं। लेकिन हिसार लोकसभा सीट के मतदाताओं ने कभी भी महिला के हाथ में चौधर नहीं दी। हॉट सीट में शुमार हिसार लोकसभा सीट पर मतदाताओं में तकरीबन आधी संख्या महिला वोटरों की है, इसके बावजूद किसी महिला के हिसार से सांसद बनने का सूखा समाप्त होने का नाम नहीं ले रहा है। इस सूखे को समाप्त करने के लिए वर्तमान में पूर्व उपप्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल परिवार की दो बहूएं एवं हिसार की बेटियां चुनावी दंगल में उतर चुकी हैं। जेजेपी से पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला की मां एवं आदमपुर एरिया के गांव दड़ौली की बेटी नैना देवी तथा इनेलो से ओमप्रकाश चौटाला के भाई प्रताप चौटाला के बेटे रवि चौटाला की पत्नी एवं गांव दौलतपुर की बेटी सुनैना चौटाला अपने चाचा ससुर एवं भाजपा प्रत्याशी चौधरी रणजीत चौटाला के सामने टाल ठोक दी हैं। फिलहाल यह भविष्य के गर्भ में है कि हिसार लोकसभा के मतदाता नया इतिहास बनाते है या फिर पूर्व के इतिहास को ही कायम रखते हैं।



### चार दशक में सिर्फ पांच महिला प्रत्याशियों ने किस्मत आजमाई

लोकसभा चुनाव के पिछले 4 दशक के इतिहास पर नजर डाले तो हिसार सीट पर महिलाओं ने लोकसभा चुनाव लड़ने की कोई खास उत्साह नहीं दिखाया। इस दौरान हुए कुल 10 आम चुनावों में अब तक केवल पांच महिला प्रत्याशियों ने ही किस्मत आजमाई है। इन पांचों महिलाओं को कुल मिलाकर साढ़े सात हजार के करीब मत मिले हैं। इससे यह जाहिर होता है कि महिला प्रत्याशी महिला वोटरों को ही अपने ओर रिझाने में कामयाब नहीं हो पाई। मतदाताओं के रूझानों को देखते पिछले 4 दशक में किसी भी राष्ट्रीय पार्टी ने हिसार लोकसभा सीट से किसी महिला को अपना प्रत्याशी बनाने का जोखिम ही नहीं उठाया।

**सीट पर ऐसे होता रहा मुकाबला** : 1989 मेंकुल 32 उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतरे थे। चुनाव में किसी भी महिला ने चुनावी ताल नहीं ठोकी। चुनाव में जनता दल के प्रत्याशी जयप्रकाश ने जीत हासिल की थी। 1991 के आम लोकसभा चुनाव में हिसार सीट से 17 उम्मीदवार चुनावी दंगल में उतरे थे। मैदान में कोई महिला प्रत्याशी नहीं थी। इस चुनाव में कांग्रेस के मा. नारायण सिंह ने जीत का परचम लहराया था।1996 के चुनाव में हिसार लोकसभा क्षेत्र के चुनावी दंगल में 35 प्रत्याशी अपना भाग्य आजमाने के लिए उतरे। इस चुनाव में एक महिला प्रत्याशी विद्या देवी ने भी किस्मत आजमाई। चुनाव में हरियाणा विकास पार्टी के उम्मीदवार जयप्रकाश ने जीत हासिल की। 1998 के लोकसभा चुनाव में हिसार से 14 उम्मीदवारों ने चुनावी ताल ठोकी। चुनाव में कोई भी महिला प्रत्याशी अपना भाग्य आजमाने चुनाव मैदान में नहीं उतरी। इस चुनाव में इनेलो के सुरेंद्र बरवाला ने हरियाणा विकास पार्टी की टिकट से चुनाव लड़ रहे ओमप्रकाश जिंदल को शिकस्त दी थी। 999 के लोकसभा चुनाव में उतरे कुल 8 प्रत्याशियों में किसी भी महिला ने चुनाव लड़ने की कोशिश नहीं की। इस चुनाव में इनेलो के सुरेन्द्र सिंह बरवाला ने कांग्रेस के बीरेंद्र सिंह को हराया था। 2004 के चुनाव में हिसार लोकसभा सीट से 16 प्रत्याशी चुनाव जंग में उतरे लेकिन एक भी महिला प्रत्याशी मैदान में नहीं कूदी। इस चुनाव में कांग्रेस के जयप्रकाश ने इनेलो के सुरेंद्र बरवाला को हराया। वर्ष 2009 के लोकसभा चुनाव में 38 प्रत्याशी हिसार सीट से चुनावी दंगल में उतरे। इस चुनाव में एक महिला प्रत्याशी भतेरी देवी ने चुनावी ताल ठोकी। चुनाव में हरियाणा जनहित कांग्रेस प्रत्याशी भजनलाल ने इनेलो के प्रो. संपत सिंह को हराया। 2014 के चुनाव में हिसार सीट से 41 प्रत्याशियों चुनावी दंगल में कूदी। इन प्रत्याशियों में राष्ट्रवादी परिवर्तन पार्टी की टिकट पर एक महिला प्रत्याशी ममता रानी ने चुनावी ताल ठोकी। इस चुनाव में इनेलो प्रत्याशी दुष्यंत चौटाला ने कुलदीप बिश्नोई को हराया। 2019 के लोकसभा चुनाव में हिसार सीट से 26 प्रत्याशिों ने अपना भाग्य आजमाया था, लेकिन इस चुनाव महिला प्रत्याशी ने दूरी बनाई रखी। चुनाव भाजपा के बृजेंद्र सिंह ने जेजेपी के दुष्यंत चौटाला को 3 लाख 14 हजार से अधिक वोटों के अंतर से करारी शिकस्त दी।

---

सियासी हलचल

### विदेशों में भी बज रहा मोदी के नाम का डंका : मुख्यमंत्री



**करनाल।** प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं करनाल विधानसभा उप चुनाव प्रत्याशी नायब सिंह सैनी ने कहा कि देश में पिछले साढ़े 9 वर्षो में हर क्षेत्र में बदलाव आया है। जनता ने इन साढ़े 9 वर्षो में देश को बदलते देखा है। देश से जिस गति से तरक्की की है। आज विदेशों में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यो की सराहना कर रहे हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बुधवार को करनाल में कई कार्यक्रमों में शामिल हुए। उन्होंने सदर बाजार में वैद्य देवेंद्र बत्तरा, मानव सेवा संघ में राम रतन, पुरुषोत्तम गार्डन में विकास कथूरिया व सेक्टर-7 में योगेश गोयल की ओर से आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। जगह-जगह नायब सिंह सैनी को जनता ने जोरदार स्वागत किया।

### सी-विजिल के माध्यम से चुनावों पर नागरिकों की पैनी नजर : अग्रवाल



चंडीगढ़। लोकसभा आम चुनाव- 2024 में सी-विजिल मोबाइल एप के माध्यम से नागरिकों द्वारा पैनी नजर रखी जा रही है। ज्यों ही उन्हें आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की जानकारी मिलती है, त्यों ही वे चुनाव आयोग को अपनी शिकायतें भेजते हैं। इन शिकायतों का 100 मिनट के अंदर समाधान किया जाता है। नागरिकों की सजगता का ही परिणाम है कि हरियाणा में अब तक 2423 शिकायतें प्राप्त हो चुकी हैं, जिनमें सर्वाधिक 502 शिकायतें सिरसा से मिली हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने कहा कि आमजन "सी-विजिल" मोबाइल एप के माध्यम से सिस्टम में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर रहे हैं, यह गौरव की बात है।

---

मुखरता के लिए विख्यात हरियाणवी मतदाता अभी मौन

# प्रत्याशी परेशान, मतदाता खामोश

## चुनावी पंडित भी रुझान भांपने में कामयाब नहीं हो पा रहे

## सभी पार्टियों के प्रत्याशी मैदान में आने के बाद बनेगा माहौल

रवींद्र राठी ▶▶ बहादुरगढ़

हरियाणा में भी अब चुनावी ट्रेंड बदल रहा है। कभी मुखरता के लिए विख्यात हरियाणवी मतदाता भी खामोश रहने लगा है। इसके चलते चुनाव का रुझान भांपने में कोई कामयाब नहीं हो पा रहा है। लोकसभा चुनाव के लिए हरियाणा में 25 मई को मतदान होगा। बेशक कांग्रेस समेत इनेलो-जजपा ने अपने सभी प्रत्याशियों का ऐलान नहीं किया है। लेकिन ईवीएम का बटन दबाने के लिए मतदाता पूरी तरह से तैयार हैं। जनसभाओं तथा जनसंपर्क अभियान के दौरान मतदाता नेताओं की बात सुनते हैं और अपने घर चले जाते हैं। मतदाता अपना मन बना रहे हैं कि किसे वोट देना है, लेकिन किसी को भनक नहीं लगने दे रहे हैं। अब नेताओं के रुख्सत होने के बाद भी मतदाता चुनाव को लेकर बात करते नजर नहीं आते। ब्रिगेडियर होशियार सिंह स्टेडियम में बैठे लोगों से इस बारे में पूछा गया तो शिव कुमार ने बताया कि चुनाव ने जाति-धर्म में बांट दिया है, अब अपने मन की बात किससे करे। अगर कोई कुछ कहता है और दूसरा सहमत नहीं तो बुरे-भले की स्थिति बन जाती है। नवीन के अनुसार सबने तय कर रखा है कि किसे वोट देना है, लेकिन इस बारे में बोलकर बुराई नहीं लेना चाहते। नरेश का मानना है कि किसी के कहने की बजाय जब अपने मन से वोट डालना है, तो फिजूल बोलने से कोई फायदा नहीं है। सुभाष मानते हैं कि बोलकर बुराई मिलती है, वैसे ही चुनाव के मुद्दे बदलते रहते हैं, इसलिए चुप रहना ही अच्छा है।

> नेताओं के रुख्सत होने के बाद भी मतदाता चुनाव को लेकर बात करते नजर नहीं आ रहे

शहर के देवीलाल पार्क में घुमाई के दौरान हरिओम ने बताया कि संकीर्ण होते समाज में अब खुलकर नहीं बोल सकते। कोई किसी की बात से आसानी से सहमत नहीं होता तो लोग बात भी नहीं करते। सुशील कहते हैं कि जब जन सरोकार की बजाय मुद्दे नेता ही तय कर रहे हैं तो जनता क्या बात करे। प्रवीण का कहना है कि नेता से हर आदमी का काम पड़ता है। लोग समझदार हो गए हैं। अगर बोलकर बुराई ले लेंगे तो काम में दिक्कत होगी। लक्ष्मीकांत के अनुसार हर आदमी बुरा बनने से डरता है। सतीश के अनुसार चुनाव पर बात करते ही पार्टी का ठप्पा लग जाता है। इससे लोगों में मनमुटाव और विवाद होते हैं, इसलिए बचना जरूरी है। शहर के रेलवे स्टेशन पर एकत्र लोगों के बीच राजनीति की बात छेड़ी गई तो कई लोग बोले कि चुनाव में अब वो मुद्दे ही नहीं जिन पर लोग बात करें। राजकुमार ने कहा अब तो जाति-धर्म पर राजनीति होती है, जनता और विकास की बात कोई नहीं करता। इसलिए लोग चुप ही रहते हैं। प्रीतम के अनुसार पहले बुजुर्ग खाली समय में बैठकर राजनीति पर बात करते थे। वोट देने से पहले राय-मशविरा करते थे, लेकिन अब बुराई के डर से बच्चे उन्हें नहीं बोलने देते। वेद प्रकाश का कहना है कि अब लोग वोट तो करते हैं, लेकिन मनमुटाव के डर के कारण बोलने से बचते हैं।



### बात करने में ज्यादा समझदारी नहीं

शहर की सब्जी मंडी में खरीदारी करने आए विद्यानंद भी मानते हैं कि वक्त बदल गया है। अब चुनाव के बारे में बात नहीं करने में ज्यादा समझदारी है, कोई अपनी मंशा नहीं जताना चाहता। सोहन लाल के अनुसार चुनाव पर चर्चा को अब तो पार्टी ने प्रवक्ता छोड़ रखे हैं, जनता बोलने से बचती है। जिले सिंह के मुताबिक बेरोजगारी व महंगाई प्रमुख समस्या है, लेकिन चुनाव में इस पर बात ही नहीं हो रही। रामपत के अनुसार जिन मुद्दों पर चुनाव चल रहा है, उन पर बात करने से विवाद बढ़ता है, इसलिए लोग बचते हैं।

---

### शिक्षक राष्ट्र निर्माता : मनोहर लाल

**चंडीगढ़/करनाल।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र के भविष्य निर्माता हैं। शिक्षक के सक्रिय सहयोग के बिना किसी भी राष्ट्र का पुनर्निर्माण संभव नहीं है। शिक्षक सामाजिक परिवर्तन और सामुदायिक विकास के उत्प्रेरक हैं। वे छात्रों को सामाजिक चुनौतियों का समाधान करने, विकास और सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने के लिए ज्ञान और कौशल के साथ सशक्त बनाते हैं। पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल डा. मंगलसैन सभागार में सहोदया स्कूल कॉम्पलेक्स द्वारा आयोजित शिक्षक संगोष्ठी में पहुंचे और शिक्षकों से संवाद किया।मनोहर लाल ने कहा कि शिक्षा रोजगार परक हो, सरकार ने ऐसे प्रावधान किए हैं।

**PUBLIC NOTICE**

GENERAL PUBLIC is hereby informed that our Client, Emperor Infratech Pvt. Ltd., a Company registered under the provisions of Companies Act, 1956 (as amended upto date) having its registered office at E-18, Model Town-II, 2nd Floor, North-West Delhi, New Delhi-110009 entered into an Agreement to sell/Ikramama (**"Agreement"**) dated 18.04.2023 with respect to land bearing Khewat No. 2276/1. Khata No. 2422/1, Mushtkil & Kila No. 190//22/1 (5-2), 219//2 (8-0), 3/1 (3-7), 8/3 (1-2), 9 Min (8-0) Kite 5, Rakba 25 Kanal 11 Marla, Gair Mumkin Land situated at Village Bohar, Rohtak, Haryana (**"Said Land"**).

GENERAL PUBLIC is hereby informed that our Client has filed a Civil Suit bearing no. CS 177 of 2024 titled as M/s Emperor Infratech Pvt. Ltd. vs Rampati & Ors. seeking specific performance of the terms of Said Agreement (**"Suit"**). The said Suit is pending before Court of Civil Judge, Junior Division, Rohtak District Court (**"Hon'ble Court"**). Vide order dated 10.04.2024 the Hon'ble Court has directed the Defendant No. 1 to maintain status quo and not to alienate the said land till further orders. Meaning thereby, the nature of the said land cannot be changed till further orders of the Court. The GENERAL PUBLIC is hereby cautioned not to deal with the said Land and any person dealing with the said Land would be doing so at his/her own risk, cost and consequences.

**KNM & Partners, Law Offices**
1st Floor, The Great Eastern Center
70, Nehru Place, New Delhi - 110 017
Email: knm@knm.in; scecil@knm.in, Ph: 011 43115000

### हरिभूमि पाठक पुरस्कार योजना 2023 के विजेताओं के नाम

**सुनिश्चित पुरस्कार**

151. पिंकी पत्नी प्रमोद नेहरू कॉलोनी रोहतक 124001, 152. प्रमोद सुपुत्र राजसिंह 403/2 नेहरू कॉलोनी, रोहतक 124001, 153. पूजा रानी पत्नी श्री सुनील चावला म.नं. 304 गीता भवन के पास बड़ा पाना कलानौर, रोहतक 124113, 154. सुनील कुमार सुपुत्र श्री रामनिवास गली नं. 3 नई बस्ती, बहादुरगढ़, झज्जर 124507, 155. अशोक सुपुत्र श्री किशोरी लाल मं.नं. 57 वार्ड नं. 11 नजदीक बड़ा गुरुद्वारा महम रोहतक 124112, 156. निहारिका सुपुत्री कुलदीप सिंह 2150 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सेक्टर-1 रोहतक 124001, 157. हर्षिता सुपुत्री आरती म.नं. 119 बाजा कॉलोनी, घरोंड़ा, करनाल 132114, 158. श्रवणकुमार सिंघल सुपुत्र स्व. श्री देवकीनंदन सिंघल 392/25 गली जैन मंदिर जड़वाड़ा, बहादुरगढ़, झज्जर पिन. 124507, 159. हिमांशु सुपुत्र रमेश चंद्र झंडा चौक, मंडी, अटेली महेंद्रगढ़ 123021, 160. रोहस सुपुत्र चन्दगी राम गांव व डा. गतौली, तहसील जुलाना, जींद 126114, 161. रामचंद्र सुपुत्र महावीर सिंह गांव व डा. पलड़ा तहसील बेरी, झज्जर 124103, 162. जयबीर सुपुत्र श्री कृष्णलाल, अशोक इलेक्ट्रोनिक्स, कबाड़ी मार्केट, बहादुरगढ़, झज्जर, 124507, 163. यश वर्मा सुपुत्र प्रवीन कुमार वर्मा गांव जहाजगढ़ तहसील बेरी, झज्जर 124103, 164. संदीप वर्मा सुपुत्र सुरजभान पिल्लूखेडा मण्डी जींद 126113, 165. नरेश कुमार रोहिला सुपुत्र रामपत म.नं. 577ए/33, रामनगर काठमण्डी, रोहतक 124001, 166. रामचंद्र सुपुत्र भगवान सिंह न्यू कृष्णा कोलानी, जींद 126102, 167. श्री जगदीश लाल सुपुत्र श्री लाल चंद 685/24 डी.एल.एफ. कॉलोनी, लेब चौक के पास रोहतक 1240010, 168. प्रवेश सुपुत्र राजेश गांव व डा. जुलाना, तहसील जींद, जींद 126101, 169. दिव्या बंसल सुपुत्री श्री राकेश बंसल दिवान गेट पंसारी वाली गली, झज्जर 124103, 170. योगेश कुमार सुपुत्र श्री शेरसिंह म.नं. 413 विध्याण पाना, दुबलधन, बेरी झज्जर 124202, 171. श्री भगवान भटनागर सुपुत्र श्री लालचंद भटनागर, सरोहा हाउस के सामने, प्रगति नगर, सोनीपत 131001, 172. उमेद सिंह सुपुत्र स्व. श्री चिरंजी सिंह गांव न्यौला, झज्जर 124109, 173. अचिन सुपुत्र हवासिंह नहरा 296 प्रवेश नगर, गोहाना रोड, रोहतक 124001, 174. धर्मबीर सिंह सुपुत्र श्री मानसिंह गुगाहेड़ी लाखनमाजरा रोहतक 124514, 175. राजसिंह मलिक सुपुत्र श्री प्रहलाद सिंह गांव डाबोदा खुर्द, बहादुरगढ़, झज्जर, 176. एघा जैन सुपुत्री साहिल जैन सराय मोहल्ला रोहतक 124001, 177. रामनिवास सुपुत्र रामसिंह गांव साल्हावास, झज्जर 124146, 178. श्रीमती कृष्णा पत्नी रामपाल, सुनारिया चौक, जनता कॉलोनी, रोहतक 124001, 179. सन्तराम खत्री सुपुत्र रामिसह 1839 सेक्टर 9ए, बहादुरगढ़, झज्जर पिन 124507, 180. भारत भुषण सिंघल सुपुत्र नरसिंहदास सिंघल पताः उमराव सिंह संतलाल काठमंडी नारनौल, महेंद्रगढ़ 123001, 181. सुभाष पुत्र चांद राम 169/11 नेहरू कॉलोनी रोहतक 124001, 182. प्रदीप सुपुत्र श्री प्रेम सिंह बिश्मबर नगर, रोहतक रोड, जींद 126102 , 183. रमन सुपुत्र रिंकू दगड़ोली, बाढ़ड़ा चरखी दादरी 127312, 184. भूपेश सुपुत्र सोमबीर दगड़ोली, बाढ़ड़ा, चरखी दादरी 127312, 185. भारत भूषण शर्मा सुपुत्र शंकर लाल शर्मा मा. राव का मनदीप व्यास की हवेली नारनौल, महेंद्रगढ़ , 186. दया किशन सुपुत्र श्री भयराम पताः गांव खेड़ा , 187. ध्रुव सुपुत्र रवि पालिका कॉलोनी, रोहतक 124001, 188. कविता सुपुत्री राजवीर गांव व डा. जुलाना तहसील जुलाना, जींद 126101, 189. योगिता सुपुत्री विजेंद्र कुमार गांव, डा. व तहसील जुलाना, जींद 126101, 190. पार्थ सुपुत्र ममता ग्रामीण मार्केट के पास, घरोंडा, करनाल 132114, 191. महासिंह सुपुत्र रणजीत सिंह राजनगर कैथल रोड, जींद 126102, 192. सविता देवी पत्नी विनोद कुमार अर्बन स्टेट जींद 126102, 193. देवराज सुपुत्र श्री यशपाल पुलिस चौकी रोड, लाइनपार, बहादुरगढ़, झज्जर पिन 124507, 194. जय मोहन सुपुत्र हरिराम शास्त्री नगर, वार्ड नं. 30 कुतुबपुर रेवाड़ी 123401, 195. जयसिंह सुपुत्र स्व. श्री राम चंद्र गांव व डा. बिरधाना झज्जर 124122, 196. धर्मपाल सुपुत्र श्री नन्हाराम रामा कॉलोनी, वार्ड नं. 4, खानसर चौक, सफीदों, जींद 126102, 197. राजेश कुमार सुपुत्र श्री जिले सिंह गांव व डा. कलानौर वार्ड नं. 10 कलानौर, रोहतक, 198. मोहन लाल सुपुत्र भीमसैन, वार्ड नं. 11 जुलाना, जींद 126101, 199. अजय सिंह सुपुत्र धर्मपाल सिंह फ्लेट नं 629एसएफ ओमेक्स सिटी रोहतक 124001, 200. श्री जतिन कुमार सुपुत्र श्री योगेश कुमार, म.नं. 456, उत्तम नगर, बड़पुर गली नं. 4, सोनीपत

शेष विजेताओं की सूची अगले अंक में देखें

**आवश्यक सूचना :**

1. सभी पुरस्कारों का वितरण 10 मई से किया जाएगा।
2. पुरस्कार संख्या 1 से 5 तक के हरियाणा के विजेताओं को हरिभूमि मुख्यालय नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, रोहतक से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
3. पुरस्कार संख्या 6 से 10 एवं गारंटी उपहार के हरियाणा के विजेताओं को सम्बन्धित हरिभूमि कार्यालय / सम्बन्धित अभिकर्ता से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
4. 20,000 या 20,000 से अधिक मूल्य के पुरस्कार पर पाठक को टी.डी.एस. के रूप में 30% का भुगतान जमा करना होगा।
5. पुरस्कार प्राप्त करने के लिए आपको अपने साथ पुरस्कार विजेता की फोटो आईडी जमा करनी होगी। मूल प्रति को मिलान हेतु साथ में लाना अनिवार्य है। अधिक जानकारी के लिए आप निम्न नम्बरों पर हरिभूमि प्रसार विभाग में प्रातः 11.00 से सायं 4.00 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं :-

फोन : 9253681019, 9253681020

---

### शिमला के किसानों ने भाजपा-जजपा नेताओं के प्रवेश पर रोक लगाई, ढांडा का दौरा रद

**कलायत।** कलायत के गांव सीमला में भाकियू ने बुधवार को बैठक बुलाकर भाजपा-जजपा नेताओं की गांव में एंट्री पर रोक लगाने का निर्णय लिया। बैठक की अध्यक्षता भाकियू ब्लाक प्रधान जिले सिंह मोर ने की। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्या को लेकर जब वे भाजपा व जजपा से बातचीत करना चाहते थे तो नेताओं ने दूरी बनाई। इस बेरुखी का जवाब देते हुए किसानों ने दोनों दलों के नेताओं पर गांव में प्रवेश न करने पर प्रतिबंध लगाया है। वे न तो इन दलों के नेताओं से बात करना चाहते और न मुलाकात। यदि नेताओं ने जबरदस्ती गांव में दाखिल होने का प्रयास किया तो काले झंडे दिखाते हुए विरोध किया जाएगा। गांव में पूर्व राज्य मंत्री कमलेश ढांडा के आगमन से थोड़ी देर पहले लिए गए इस फैसले के चलते कार्यक्रमों में फेरबदल करना पड़ा। इसके चलते वे गांव में नहीं आई। भाजपा युवा नेता एवं कमलेश ढांडा के पुत्र तुषार ढांडा ने बताया कि सीमला गांव के साथ उनका हमेशा पारिवारिक नाता रहा है और रहेगा। जिन कार्यकर्ताओं के यहां सीमला गांव में उनके चाय का निमंत्रण था वे पड़ोस के गांव पिंजुपुरा के कार्यक्रमों में शामिल हुए। इसलिए सीमला गांव का दौरा टाला गया।

### जजपा नेता रणधीर का पार्टी से इस्तीफा, कांग्रेस में जाने की चर्चाएं

राजपाल जिंदल, गुहला-चीका(कैथल)

मंगलवार को गुहला जजपा विधायक व वरिष्ठ दलित नेता ईश्वर सिंह के ज्येष्ठ पुत्र व हरियाणा डेयरी विकास संघ के चेयरमैन रणधीर सिंह ने न केवल अपने पद से अलबत्ता जजपा की प्राथमिक सदस्यता से भी इस्तीफा दे दिया, जिसके चलते प्रदेश के एक बड़े दलित वर्ग में खुसफुसाहट शुरू हो गई है।

चर्चाओं के आधार पर अनुमान लगाया जा रहा है कि यदि रणधीर सिंह ने कांग्रेस पार्टी का दामन थामा तो फिर प्रदेश की राजनीति में अपना अहं स्थान रखने वाला दलित वोट बैंक भी उनके साथ कांग्रेस की तरफ शिफ्ट हो सकता है। मालूम रहे कि जिस तरीके से रणधीर सिंह ने ना केवल इस्तीफा देने में ही कोई देर लगाई अलबत्ता पार्टी की सदस्यता छोड़ने व चेयरमैनी का चार्ज भी छोड़ने में किसी प्रकार की हिचकिचाहट नहीं दिखाई, जिसके चलते राजनैतिक गलियारों में अब यह चर्चा शुरू हो गई है कि रणधीर सिंह जल्द ही कांग्रेस में शामिल होकर कांग्रेस नेत्री व सिरसा से लोकसभा उम्मीदवार कुमारी सैलजा का दामन थाम सकते हैं। भरोसेमंद सूत्रों के अनुसार सिरसा में सैलजा की रैली के दौरान रणधीर सिंह अपने समर्थकों सहित कांग्रेस में शामिल हो जाएंगे।



ईश्वर सिंह



रणधीर सिंह

#### कांग्रेस से पुराना नाता

गौरतलब है कि रणधीर सिंह व उनका पूरा परिवार लम्बे समय से कांग्रेस में रहा है परंतु पिछले चुनाव में उन्होंने जजपा का दामन थाम लिया था और जब ईश्वर सिंह गुहला से जजपा की टिकट पर विधायक चुने गए तो उन्हें जजपा कोटे से हरियाणा डेयरी विकास संघ का चेयरमैन बनाया गया था। परंतु बताया जा रहा है कि पिछले कुछ समय से रणधीर सिंह के पिता व विधायक ईश्वर सिंह की पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला से अनबन चल रही थी और अनुमान लगाया जा रहा था कि उनका अब जजपा से मोहभंग हो गया है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि रणधीर सिंह की धर्मपत्नी चीका नगरपालिका के चुनाव में चेयरपर्सन चुनी गई थी परंतु उन्होंने अपने पति व रणधीर सिंह के इस्तीफे व कांग्रेस में जाने के प्रकरण पर अपनी पूरी तरह से चुप्पी साधी हुई है और अभी कुछ भी कहने से इंकार कर दिया है।

---

गुरुग्राम | राव की चुनावी सभाओं से गायब नजर आ रही लोगों की भीड़

# समर्थक दे रहे जीत का रिकॉर्ड बनाने की गारंटी सीट बचाने के लिए बढ़ रही राव की बेचैनी


*कांग्रेस प्रत्याशी की घोषणा नहीं होने के बावजूद राव को इस बार जीत आसान नजर नहीं आ रही*

नरेन्द्र वत्स ▶▶ रेवाड़ी

दक्षिणी हरियाणा के सबसे कद्दावर नेता माने जाने वाले राव इंद्रजीत सिंह के समर्थक इस बार गुरुग्राम लोकसभा क्षेत्र से उनकी देश में दूसरी या तीसरी बड़ी जीत होने के सब्जबाग दिखा रहे हैं। चुनावी जनसभाओं में खाली पड़ी कुर्सियां राव को वर्ष 1999 में 'तस्तरी में परोसी जीत' की यादें ताजा कराते हुए हार की आशंका से बाहर नहीं निकाल पा रही हैं। कांग्रेस प्रत्याशी की घोषणा नहीं होने के बावजूद राव को इस बार जीत आसान नजर नहीं आ रही है।

चुनावी सभाओं में भीड़ की उपस्थिति कम रहना इस बात के संकेत देने के लिए काफी है कि इस कद्दावर नेता का तिलिस्म अब तेजी से टूट रहा है। वर्ष 1999 के लोकसभा चुनाव के दौरान राव इंद्रजीत सिंह को महेंद्रगढ़ लोकसभा सीट पर कांग्रेस ने मैदान में उतारा था। भाजपा ने उस समय सुधा यादव को टिकट देकर चुनाव लड़वाया था। सुधा यादव को टिकट मिलने के बाद ही राव इंद्रजीत सिंह समर्थक खुशी से झूम उठे थे। उन्होंने यह सीट राव इंद्रजीत सिंह को तस्तरी में परोसकर दिए जाने की बात कहते हुए मुकाबले को एकतरफा मान लिया था। राव को राजनीतिक जीवन का सबसे बड़ा झटका उसी चुनाव में लगा था। सुधा यादव ने उन्हें 1.39 लाख मतों के भारी अंतर से हराकर लोकसभा में प्रवेश किया था।

#### इशारों-इशारों में समर्थकों को दे रहे संकेत



राव अपनी हर चुनावी सभा में इस बार उसी 'तस्तरी में परोसी जीत' का जिक्र करते हुए समर्थकों से जीत की गफलत में रहने से बचने का संदेश देना शुरू किया हुआ है। राव को कहीं न कहीं इस सीट पर चौथी बार सांसद बनने में संशय नजर आ रहा है। हाल ही में उनकी चुनावी सभाओं में भीड़ की भारी कमी अखरी है। आम लोगों में उनके प्रति आकर्षण देखने को नहीं मिल रहा, जिससे राव की रातों की नींद हराम होना लाजमी माना जा सकता है। उनके समर्थक इस बार देश भर में दूसरे या तीसरे नंबर पर बड़ी जीत के सब्जबाग दिखा रहे हैं, परंतु राव जमीनी हकीकत से अच्छी तरह वाकिफ हैं। उन्हें मतदान प्रतिशत में गिरावट की आशंका अलग से परेशान कर रही है।

#### मेवात ने कांग्रेस में रहते भी गले नहीं लगाया

मेवात क्षेत्र कांग्रेस का पुराना गढ़ रहा है। गत लोकसभा चुनावों में भी कांग्रेस प्रत्याशी कैप्टन अजय सिंह यादव को नूंह जिले के तीनों हलकों में अच्छे मार्जिन से जीत मिली थी, लेकिन राव को मेवात की जनता उनके कांग्रेस में रहते समय भी सिरे से नकार चुकी है। वर्ष 2009 के लोकसभा चुनावों में राव कांग्रेस की टिकट पर प्रत्याशी रहे थे। उस चुनाव में भी मुस्लिम मतदाताओं की राव के प्रति नाराजगी इस कदर हावी रही थी कि उन्होंने कांग्रेस का साथ छोड़कर बहुजन समाज पार्टी की झोली में तीनों सीटें डाल दी थीं। राव को टिकट मिलने के बाद मेवात क्षेत्र ने कांग्रेस से भी दूरी बना ली थी।

#### हिंदू संगठनों से भी मोल ले ली नाराजगी

बीते साल नूंह में हुई सांप्रदायिक हिंसा के बाद राव इंद्रजीत सिंह अकेले ऐसे भाजपा नेता थे, जिन्होंने बेबाकी के साथ हिंदू संगठनों पर खुलकर निशाना साधा था। इसका सीधा मतलब मेवात क्षेत्र के लोगों की सहानुभूति हासिल करना था। राव इस क्षेत्र में पहली बार जीत का खाता खुलने की उम्मीद लगाए बैठे हैं। मेवात क्षेत्र से उन्हें जनमत मिले या नहीं मिले, परंतु हिंदू संगठनों में उनके प्रति नाराजगी अभी तक कायम है। राव के उसी बयान के बाद अभी तक कई हिंदू संगठनों में 'अंडर करंट' है, जो आने वाले चुनावों में उनके लिए नुकसादायी साबित हो सकता है।

## खबर संक्षेप

### हिसार: गुजवि ने परीक्षा परिणाम घोषित किए

**हिसार।** गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न विषयों के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए हैं। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो. यशपाल सिंगला ने बताया कि दिसम्बर 2023 में आयोजित एमटेक एमई तृतीय सेमेस्टर (रिअपीयर) बैच 2020-2021, एमटेक एमई तृतीय सेमेस्टर (मेन) बैच 2022, एमटेक एमई प्रथम सेमेस्टर (रिअपीयर) बैच 2022, एमटेक एमई प्रथम सेमेस्टर (मेन) बैच 2023, एमएससी बायोटेक्नोलॉजी कोर्स कोड-092 तृतीय सेमेस्टर (मेन) बैच 2022, एमएससी जियोग्राफी कोर्स कोड-246 तृतीय सेमेस्टर (मेन) बैच 2022 का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है।

### दो भाइयों पर तलवार से हमला, केस दर्ज

**सिरसा।** गांव शाहपुर बेगू निवासी एक टैक्सी चालक पर कुछ युवकों ने तलवार से हमला कर दिया। पुलिस ने इस संबंध में हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस को दिए बयानों में गुरलाल सिंह ने बताया कि बीती 21 अप्रेल को वह अपने भाई सिकंदर व दोस्त सोनू के साथ सोनू के मामा के घर गए थे।

### कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय को मिले दो पेटेंट

**चंडीगढ़।** भारत सरकार के पेटेंट कार्यालय द्वारा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय (केयू), कुरुक्षेत्र को दो पेटेंट प्रदान किए गए हैं। अप्रैल माह में भारत के कार्बोक्सिमिथाइल सेलुलोज एस्टर आधारित ड्रग डिलीवरी सिस्टम और एपोप्टोसिस इंड्यूसिंग कंपोजिशन कॉम्प्रोमाइजिंग ट्रायज़ोलोथिया ज़ोलिल-ट्रायाज़ोल बेंजीन का व्युत्पन्न हेतु केयू को दो पेटेंट प्रदान किए हैं।


### प्रदेश में नशा कतई बर्दाश्त नहीं

**चंडीगढ़।** मधुबन हरियाणा पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर एवं हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो प्रमुख एडीजीपी ओपी सिंह के दिशा निर्देश दिए कि नशा मुक्त करने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान को सफलता मिल रही है नशा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### सिरसा: वारदात से हड़कंप, 32 लोगों पर एफआईआर दर्ज

# पुलिस टीम पर हमला, गाड़ी तोड़ी, चौकी इंचार्ज को बंधक बनाकर पीटा, फोर्स ने छुड़ाया

- हमले में तीन पुलिस कर्मी घायल, जिन्हें उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में करवाया गया भर्ती
- मोहल्लावासियों ने पुलिस पर झूठा मामला बनाने का लगाए आरोप, एसपी न्याय की गुहार




सिरसा। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में मामले की जांच की मांग करने पहुंचे मोहल्लावासी। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिरसा

शहर के सिंगीकाट मोहल्ले में मंगलवार रात लोगों ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया। बिना नंबर की बाइक को लेकर महिला से पूछताछ को लेकर उनका गुस्सा फूटा। इसके बाद पुलिस बाइक ले जाने लगी तो लोगों ने चलती गाड़ी से चौकी इंचार्ज का गला पकड़कर नीचे उतारा और कमरे में बंधक बना लिया। जहां उनसे मारपीट की गई और पुलिस की गाड़ी भी तोड़ दी गई। जब पुलिस टीम के बंधक बनने का पता चला तो पुलिस मौके पर पहुंची और चौकी इंचार्ज को छुड़वाया। इस हमले में तीन पुलिस कर्मियों के घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसके बाद मोहल्लावासी कीर्तिनगर चौकी में एकत्रित हुए जहां पुलिस और मोहल्लावासियों के बीच खूब हंगामा हुआ। इस मामले में शहर थाना पुलिस ने 13 नामजद सहित 20 अन्य लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। वहीं, सिंगीकाट मोहल्ला के सैकड़ों महिला व पुरुष बुधवार दोपहर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और इंसाफ की गुहार लगाई। मोहल्ला वासियों का कहना है कि पुलिस की कहानी झूठी है। असल में सच्चाई ये है कि कीर्ति नगर चौकी पुलिस बेवजह तंग कर रही है। मंगलवार रात को कीर्ति नगर चौकी इंचार्ज सहित तीन पुलिस कर्मचारी जबरन एक महिला के घर में घुस गए जबकि महिला घर में अकेली थी। आरोप है कि महिला बाथरूम में नहा रही थी। पुलिस ने महिला की छोटी बेटी को डांटा, उसके रोने की आवाज सुनकर महिला बाहर आई तो पुलिस कर्मियों ने उसके साथ अभ्रद्र व्यवहार किया। महिला ने शोर मचाया तो मोहल्ला वासी एकत्रित हो गए और पुलिसकर्मियों के वीडियो बनाने की कोशिश की। मोहल्ला वासी बंटी का कहना है पुलिसकर्मियों के साथ कोई मारपीट नहीं की गई। उल्टा बुधवार सुबह से पुलिस मोहल्ले में आकर बाइक उठाकर ले आई है। मोहल्ला वासियों ने पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण से पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

#### बिना नंबर बाइक को लेकर पूछताछ

पुलिस के अनुसार कीर्ति नगर चौकी इंचार्ज एएसआई अशोक कुमार मंगलवार रात को अपनी टीम के साथ पुलिस गाड़ी में सवार होकर इलाके में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान टीम सिंगीकाट मोहल्ले में पहुंची। यहां पर एक मकान के बाहर बिना नंबर की मोटरसाइकिल खड़ी मिली। मकान के बाहर ही सपना नाम की महिला बैठी थी। चौकी इंचार्ज एएसआई अशोक कुमार का कहना है कि उसने सपना से व पड़ोस के लोगों से बाइक के बारे में पूछताछ करनी शुरू की तो सपना ने गाली गलौज करनी शुरू कर दी। इसके बाद काफी लोग यहां एकत्रित होना शुरू हो गए। चौकी इंचार्ज का कहना है कि उसने लोगों को समझाते हुए मोटरसाइकिल के कागजात चौकी में पेश करने की हिदायत दी। इसके बाद पुलिस टीम गाड़ी में सवार होकर वापस जाने लगी तो कई लोग बाइक पर सवार होकर आए और पुलिस गाड़ी के आगे बाइक लगाकर रास्ता रोक दिया।

#### महिला से अभद्र व्यवहार का आरोप

घटना के बाद काफी संख्या में मोहल्ला वासी पुलिस चौकी पहुंच गए और चौकी इंचार्ज अशोक कुमार पर महिला सपना के साथ अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया। इसके बाद डीएसपी जगत सिंह यहां पहुंचे। डीएसपी का कहना है कि चौकी इंचार्ज पर उक्त लोगों ने हमला किया है। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस मोहल्ले में गई थी। वहीं, मोहल्ला वासी चौकी इंचार्ज पर आरोप लगा रहे हैं। मामले की जांच शुरू कर दी गई और पुलिस पर हमला करने वालों पर एफआईआर दर्ज की गई है। जांच अधिकारी कप्तान सिंह का कहना है कि हमले में घायल चौकी इंचार्ज अशोक कुमार के बयान पर 12 नामजद व 20 अन्य आरोपियों के खिलाफ हमला करने, बंधक बनाने की कोशिश, सरकारी कार्य में बाधा व सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का केस दर्ज किया गया है।

## सीबीएलयू ने पीजी कोर्सेज की मुख्य परीक्षाओं का शेड्यूल जारी किया

- स्नातकोत्तर के इवन सेमेस्टर की मुख्य परीक्षाएं दो मई से शुरू

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय ने स्नातकोत्तर के इवन सेमेस्टर की मुख्य परीक्षाएं दो मई से प्रारंभ होंगी, ये जानकारी विवि की कुलसचिव डॉ. ऋतु सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव से पहले परीक्षा करवाने को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन ने समिति का गठन किया था। समिति द्वारा दी गई रिपोर्ट के मुताबिक विद्यार्थियों को राहत देने के लिए प्रश्न पत्र प्रारूप में बदलाव किया है, जिसमें विद्यार्थियों के लिए पहला प्रश्न हल करना अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त आठ प्रश्नों में से कोई चार प्रश्न करने होंगे, ये प्रारूप केवल इस बार की परीक्षा के लिए लागू किया गया है। विश्वविद्यालय ने पीजी कोर्सेज के इवन सेमेस्टर दूसरे, चौथे, छठे और आठवें सेमेस्टर की मुख्य परीक्षाएं दो मई से प्रारंभ करने का शेड्यूल जारी किया है। विवि ने विवि एवं संबंधित महाविद्यालयों के पीजी कोर्सेज की इन मुख्य परीक्षाओं की तैयारियां पूर्ण कर ली हैं। वहीं रिअपीयर परीक्षाओं का शेड्यूल बाद में जारी किया जाएगा। कुलपति प्रोफेसर दीप्ति धर्माणी की अगुवाई में विवि नकल रहित परीक्षाओं का सफल संचालन करने को कृत संकल्पित है।

## यौन उत्पीड़न के मामले में गठित तथ्यान्वेषी समिति को किया पुनर्गठित

- कंवर पाल के स्कूल शिक्षा मंत्री का कार्यभार छोड़ने के कारण बदलाव किया गया

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸| चंडीगढ़

विस ने जींद जिला की उचाना मंडी के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में हुए यौन उत्पीड़न के आरोपी प्रिंसिपल के मामले में गठित तथ्यान्वेषी समिति को पुनर्गठित किया गया है। यह परिवर्तन कंवर पाल द्वारा स्कूल शिक्षा मंत्री का कार्यभार छोड़ने के परिणामस्वरूप किया गया है। हरियाणा विधानसभा द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार हरियाणा विधानसभा की समिति में अब जहां चेयरमैन स्कूल शिक्षा मंत्री श्रीमती सीमा त्रिखा होंगी वहीं परिवहन, महिला एवं बाल विकास मंत्री असीम गोयल, विधायक भारत भूषण बत्रा व अमरजीत ढांडा सदस्य तथा हरियाणा के अधिवक्ता जनरल विशेष आमंत्रित सदस्य होंगे। यह समिति आरोपी प्रिंसिपल करतार सिंह के वर्ष 2005 से लेकर वर्ष 2023 तक के कार्यकाल में हुई उन घटनाओं की जांच करेगी जिनकी विधानसभा में 15 दिसंबर 2023 और 18 दिसंबर 2023 को चर्चा हुई थी।

## जींद: आसमानी बिजली गिरने से किसान की मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद



जुलाना खेतों में गए किसान की आसमानी बिजली गिरने से मौत हो गई। देर शाम तक घर न लौटने पर जब परिजन तलाशते हुए खेत में पहुंचे तो उन्हें घटना के बारे मे पता चला। जुलाना थाना पुलिस ने मृतक के शव बुधवार को नागरिक अस्पताल मे पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। जुलाना के वार्ड नंबर सात निवासी शिव कुमार (61) गत दिवस सिंचाई करने खेत में गया हुआ था। दोपहर बाद मौसम ने करवट ले ली। गरज तथा चमक के साथ बूंदाबांदी शुरू हो गई। उसी दौरान खेत में काम कर रहे शिव कुमार पर आसमानी बिजली गिर गई। जिसमें मौके पर ही मौत हो गई।

## अस्थायी मान्यता वाले स्कूलों पर हो कड़ी कार्रवाई : शिक्षा मंत्री त्रिखा



**चंडीगढ़।** हरियाणा की शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा ने लंबे अर्से से अस्थायी मान्यता के भरोसे चल रहे 45 सौ स्कूलों पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दे दी है। सीमा त्रिखा का कहना है कि सरकार की मंशा इस प्रकार के स्कूलों को बंद करने की नहीं है लेकिन उन्हें बच्चों की सुरक्षा के लिए मापदंड पूरे करने पड़ेंगे। उन्होंने कहा कि बहुत सारे स्कूल 20 वर्षों से चल रहे हैं। हम सभी बच्चों को कानून सिखाने के लिए बैठे है, कानून तोड़ने का अधिकार किसी को नहीं है। सरकार की तरफ से स्कूल संचालकों को सहयोग मिला है। स्कूल संचालक बच्चों की लाइफ को सुधार रहे हैं, मगर बच्चों के भविष्य को दाँव पर ना लगाकर अपने नॉर्म्स को पूरा करें। बुधवार को चंडीगढ़ में सीमा त्रिखा ने कहा कि छोटे-छोटे स्कूल घरों में भी चल रहे है इसकी संख्या नही बता पाएंगे मगर संख्या बहुत अधिक है। त्रिखा ने कहा कि स्कूल संचालक पहल करें और सरकार इन बच्चों का भविष्य अधर में नही लटकने देंगे। सेशन की हमने छूट दे रखी है लेकिन अगले सत्र तक मापदंड पूरे करने पड़ेंगे। कनीना स्कूल बस हादसे में मामले की जांच की जा रही है।

### यमुनानगर में सीबीआई की टीम की बड़ी कार्रवाई

## पांच लाख की रिश्वत लेते हुए साइबर क्राइम थाने के इंस्पेक्टर को किया गिरफ्तार

- विदेशी नागरिक से 12 करोड़ की ठगी मामले में इंस्पेक्टर ने मांगे थे 40 लाख रुपये
- शिकायतकर्ता ने रिकार्डिंग कर इंस्पेक्टर की खोली पोल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर



यमुनानगर। दस्तावेज खंगालने के बाद वापस कार में सवार होते सीबीआई टीम में शामिल अधिकारी।

सीबीआई की टीम ने विदेशी नागरिक से क्रिप्टोकरेंसी के जरिए 12 करोड़ की ठगी मामले में से ज्वैलरी शॉप के संचालक का नाम निकालने की एवज में पांच लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए जिला साइबर क्राइम थाना के इंस्पेक्टर को गिरफ्तार कर लिया। मामले की जांच जिला साइबर क्राइम थाना के गिरफ्तार किए गए इंस्पेक्टर बलवंत सिंह ही कर रहे थे। सीबीआई की टीम ने मामले में एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार किया हुआ बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक संयुक्त राज्य अमेरिका के फ्लोरिडा निवासी मरले ली कोरेजवो के पास सितंबर 2022 में उनके मोबाइल पर कॉल आया था। उस समय काल करने वालों ने खुद को बैंक कर्मी बताया था और उसे बातों में उलझाकर बैंक संबंधी डिटेल ली थी। जिसके बाद आरोपियों ने कंप्यूटर के जरिए बिटक्वाइन खाते को हैक कर लिया। जिसके माध्यम से उससे लगभग 13 लाख डालर यानि लगभग 12 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की गई। इस मामले में मरले ली कोरेजवो ने संयुक्त राज्य अमेरिका में केस दर्ज करवाया। वहां से जांच में सामने आया कि भारत से यह धोखाधड़ी हुई है। क्योंकि जिन खातों में रकम गई थी। वह भारत के थे। साइबर क्राइम थाना में विक्रमजीत सिंह समेत दो महिलाओं आंचल मित्तल और सरिता के विरुद्ध केस दर्ज करवाया गया था।

### हांसी: 20 हजार रिश्वत लेते पकड़ा गुरुग्राम में कार्यरत सिपाही

**हिसार।** हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने गुरुग्राम जिला में दुर्गा शक्ति-2 पर तैनात कांस्टेबल विकास को हांसी से 20,000 की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। आरोपी द्वारा शिकायतकर्ता की सेक्टर-33 स्थित फास्ट फूड की दुकान पर रेड न करवाने के बदले में रिश्वत की मांग की जा रही थी। एंटी करप्शन ब्यूरों की टीम को इस बारे में शिकायत प्राप्त हुई जिसमें शिकायतकर्ता द्वारा बताया गया कि आरोपी कांस्टेबल विकास द्वारा उसकी सेक्टर -33 स्थित फास्ट फूड की दुकान पर सीआईए गुरुग्राम की टीम द्वारा नशीले पदार्थ को लेकर रेड डाले जाने का डर दिखाया जा रहा है।

## अस्पताल का भवन बनाने में ताक पर नियम : सैलजा

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी महासचिव, हरियाणा कांग्रेस पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, उत्तराखंड प्रभारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य सैलजा ने कहा कि घोटालों की भाजपा सरकार में एक और ताजा घोटाला सामने आया है। ये मामला पंचकूला सेक्टर-6 में 11 मंजिला जनरल अस्पताल की बिल्डिंग बनाने के दौरान खामियां छोड़ने का है। बिल्डिंग निर्माण का बजट 47 करोड़ से बढ़ाकर 113 करोड़ कर दिया गया, लेकिन बिल्डिंग में उस तरह के इंतजाम ही नहीं किए गए, जो अस्पताल में होने चाहिए।

## हीट-वेव से बचाव के लिए आवश्यक कदम उठाएं

- मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने आला अफसरों की ली बैठक

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸| चंडीगढ़



हरियाणा के मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने आगामी लोकसभा चुनाव एवं गर्मी के बढ़ते प्रकोप के चलते आमजन को हीट-वेव से बचाने के लिए की गई आवश्यक तैयारियों को लेकर मंडलायुक्तों और उपायुक्तों के साथ एक समीक्षा बैठक की। उन्होंने आगामी लोक सभा-2024 चुनाव की तैयारियों को लेकर उपायुक्तों से भी विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि आगामी 25 मई को लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान केंद्रों पर पीने के पानी की उचित व्यवस्था की जाए। इसके अतिरिक्त चिन्हित अपराध की समीक्षा करते हुए उन्होंने हर जिले में चिन्हित अपराध की श्रेणी में आने वाले मामलों की समीक्षा करने के निर्देश दिए हैं।

## सचिवालय-मंत्रियों के स्टाफ में लगने के लिए रस्साकशी

### पात्र लोगों के लिए लामबंद हुए पीए, पीएस

- सोमवार को दोबारा से संगठन व कार्यकारिणी तैयार करने के साथ ही मुख्य सचिव को ज्ञापन सौंपने की तैयारी में

योगेंद्र शर्मा ▸▸| चंडीगढ़

आखिरकार मंत्रियों के स्टाफ में लगने को लालायित हरियाणा सचिवालय के कर्मचारी अभी भी भागदौड़ और रसूख का इस्तेमाल करने में लगे हुए हैं। इस बीच हरियाणा सचिवालय में पीएस, पीए और स्टेनो संगठन से जुड़े पदाधिकारियों भी लामबद्ध होने लगे है।

इन वरिष्ठ कर्मियों का तर्क है कि सचिवालय में जो पद स्वीकृत हैं, उन पर पात्र लोगों को ही लगाया जाए। भरोसेमंद सूत्रों का कहना है कि उनके स्वीकृत पदों पर अवर सचिव, अधीक्षकों और सहायकों को बैठाए जाने से यह लाबी आहत है। इस क्रम में हरियाणा सचिवालय कैंटीन में दोपहर भोज के वक्त सभी ने एक बैठक भी की हैं। इस बैठक के दौरान पूर्व अध्यक्ष सदन अहलावत, राजेश झांझरिया, विनोद कुमार मुकेश, पवन आदि ने बात रखी साथ ही सोमवार को एक ज्ञापन सौंपने पर मंथन किया है। जिसमें मुख्य सचिव को लिखित में दिए जाने पर मंथन हुआ और सभी ने सहमति दी है। इसके अलावा नई कार्यकारिणी का गठन करने को लेकर भी चर्चा हुई ताकि नए पदाधिकारी व नई कार्यकारिणी में सक्रिय लोगों को स्थान मिल सके। अहलावत ने बैठक की पुष्टि करते हुए सोमवार को अफसरों के सामने अपनी बात रखने की बात कही है। हरियाणा सचिवालय पीएस, पीए और स्टेनो एसोसिएशन की जिम्मेदारी नए चेहरों को सौंपने और अपने कर्मियों के मामले प्राथमिकता से उठाने का फैसला हुआ है।

#### पीए के 103 और पीएस के 56 पद

हरियाणा सचिवालय में वैसे, स्वीकृत पदों की बात करें, तो जहां पीए (निजी सहायक) के 103 के करीब पद स्वीकृत हैं। वहीं, पीएस (निजी सचिव) के लगभग 56 पद स्वीकृत हैं। पीए और पीएस, स्टैनों की ओर से एक संगठन भी सचिवालय में बनाया है, लेकिन कभी भी मुखर होकर अपनी बात इन्होंने नहीं रखी। इनका कहना है कि उनके स्वीकृत पदों पर जूनियर लोगों को बैठा दिया जाना नियमों की अनदेखी है।




## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 8 | 7 | 1 | 14 |
| कोलकाता | 7 | 5 | 2 | 10 |
| हैदराबाद | 7 | 5 | 2 | 10 |
| लखनऊ | 8 | 5 | 3 | 10 |
| चेन्नई | 8 | 4 | 3 | 8 |
| दिल्ली | 9 | 4 | 5 | 8 |
| गुजरात | 9 | 4 | 5 | 8 |
| मुंबई | 8 | 3 | 5 | 6 |
| पंजाब | 8 | 2 | 6 | 4 |
| बेंगलोर | 8 | 1 | 7 | 2 |

**ऑरेंज कैप**



विराट कोहली
**379 रन**
बेंगलोर

**पर्पल कैप**



जसप्रीत बुमराह
**13 विकेट**
मुंबई

# तीरंदाजी विश्व कप : भारतीय पुरुष और महिला कंपाउंड टीम स्वर्ण पदक से एक कदम दूर

एजेंसी ▶▶| शंघाई

भारतीय पुरुष और महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीमों ने बुधवार को यहां सत्र के शुरुआती तीरंदाजी विश्व कप में फाइनल में जगह बनाकर देश का पदक पक्का कर दिया। इसके साथ ही धीरज बोम्मदेवरा ने पुरुषों के रिकर्व क्वालिफिकेशन राउंड में राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ तीसरा स्थान हासिल किया।

अनुभवी अभिषेक वर्मा, उभरते हुए तीरंदाज प्रथमेश भालचंद्र फुगे और मौजूदा अंडर-21 विश्व चैंपियन प्रियांश की चौथी वरीयता प्राप्त पुरुष टीम ने फिलीपींस और डेनमार्क को शिकस्त देने के बाद सेमीफाइनल में कोरिया की मजबूत चुनौती को खत्म की। भारतीय पुरुष टीम के सामने शनिवार को खेले जाने वाले फाइनल में नीदरलैंड की चुनौती होगी।



### 235-233 अंक से कोरिया को हराया

*भारतीय पुरुष टीम ने करीबी मुकाबले में कोरिया को 235-233 से हराकर बड़ा उलटफेर किया। इस मुकाबले के शुरुआती दो दौर के बाद दोनों टीमें बराबरी पर थी लेकिन भारत ने 59 के स्कोर के साथ कोरिया को पछाड़ा। सेमीफाइनल में रोमांचक जीत के बाद अभिषेक ने कहा, 'आज हमारा समन्वय अच्छा था और हमने हवा को अच्छी तरह से भांप कर उसका सही इस्तेमाल किया। सेमीफाइनल हमेशा कड़ा मुकाबला होता है। हमने अच्छी तैयारी की थी और इस बात की खुशी है कि हम फाइनल में पहुंचने में सफल रहे।'*



### महिला टीम के सामने इटली की चुनौती

महिला वर्ग में मौजूद विश्व चैम्पियन भारत ने तुर्की और एस्तोनिया को शिकस्त देकर फाइनल का टिकट कटाया। शीर्ष वरीयता प्राप्त भारत के सामने फाइनल में इटली की चुनौती होगी। मौजूदा अंडर-18 और सीनियर चैंपियन अदिति स्वामी, एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता ज्योति सुरेखा वेन्नम और परनीत कौर की तिकड़ी ने अपने शुरुआती दो मैचों में सिर्फ 10 अंक गंवाए।

### तीसरे स्थान पर रहे बोम्मदेवरा

बोम्मदेवरा ने क्वालीफिकेशन में 693 के स्कोर के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। उन्होंने तरूणदीप राय द्वारा बनाए गए 689 के राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार किया। शुरुआती दौर में उनका मुकाबला चेक गणराज्य के एडम ली से होगा। तरुणदीप 684 के स्कोर के साथ सातवें स्थान के साथ दूसरे सर्वश्रेष्ठ भारतीय रहे। प्रवीण जाधव 672 के स्कोर के साथ 25वें स्थान पर रहे।

### अंकिता ने किया 664 स्कोर

महिला वर्ग में अंकिता भक्त ने 664 के स्कोर के साथ 25वें स्थान पर क्वालीफाई किया, उसके बाद कौर भजन और पूर्व विश्व नंबर एक दीपिका कुमारी रहीं, जिन्होंने क्रमशः 657 और 656 का स्कोर हासिल किया। कोमलिका बारी 636 अंक के बाद क्वालिफिकेशन तालिका में 57वें स्थान पर रही। भारतीय टीम 1977 अंक के साथ कुल मिलाकर छठे स्थान पर है। रिकर्व के एकल वर्ग में शीर्ष 64 तीरंदाज मुख्य प्रतियोगिता में जगह बनाते हैं।

**ऋषभ बने मैन ऑफ द मैच**
*रसीख सलाम को 3 विकेट*

# पंत-अक्षर ने दिल्ली को टाइटंस पर चार रन से जीत दिलाई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कप्तान ऋषभ पंत और अक्षर पटेल के अर्धशतक और दोनों के बीच शतकीय साझेदारी से दिल्ली कैपिटल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग के रोमांचक मुकाबले में बुधवार को यहां गुजरात टाइटंस को चार रन से हरा दिया। दिल्ली के 225 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए टाइटंस की टीम साई सुदर्शन (39 गेंद में 65 रन, सात चौके, दो छक्के) और डेविड मिलर (23 गेंद में 55 रन, तीन छक्के, छह चौके) के अर्धशतक के बावजूद आठ विकेट पर 220 रन ही बना सकी।

साई सुदर्शन ने सलामी बल्लेबाज रिद्धिमान साहा (39) के साथ दूसरे विकेट के लिए 82 रन भी जोड़े। दिल्ली की ओर से रसिक सलाम (44 रन पर तीन विकेट) ने तीन जबकि कुलदीप यादव (29 रन पर दो विकेट) ने दो विकेट चटकाए। विकेटकीपर बल्लेबाज पंत (43 गेंद में नाबाद 88 रन, आठ छक्के, पांच चौके) ने इससे पहले ताबड़तोड़ अर्धशतक जड़कर टी20 विश्व कप की भारतीय टीम में जगह बनाने का दावा मजबूत किया।

उन्होंने अक्षर (43 गेंद में 66 रन, चार छक्के, पांच चौके) के साथ चौथे विकेट के लिए उस समय 113 रन की साझेदारी की जब टीम 44 रन पर तीन विकेट गंवाने के बाद संकट में थी। पंत ने अंत में ट्रिस्टन स्टब्स (सात गेंद में नाबाद 26, तीन चौके, दो छक्के) के साथ सिर्फ 18 गेंद में 67 रन की अटूट साझेदारी करके टीम का स्कोर चार विकेट पर 224 रन तक पहुंचाया। दिल्ली की टीम अंतिम पांच ओवर में 97 रन जोड़ने में सफल रही। इस जीत से दिल्ली के नौ मैच में चार जीत से आठ अंक हो गए हैं। टाइटंस के भी इतने ही मैचों में इतने ही अंक हैं लेकिन दिल्ली की टीम बेहतर नेट रन रेट के कारण उससे एक स्थान आगे छठे पायदान पर है।



### दिल्ली-224/4 (20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| पृथ्वी साव का नूर बो वारियर | 11 |
| जेक का नूर बो वारियर | 23 |
| अक्षर का साई सुदर्शन बो नूर | 66 |
| शाई होप का राशिद बो वारियर | 05 |
| ऋषभ पंत नाबाद | 88 |
| ट्रिस्टन स्टब्स नाबाद | 26 |

अतिरिक्त: 05
कुल:20 ओवर में चार विकेट पर: 224 रन
विकेट पतन: 1-35, 2-36, 3-44, 4-157
गेंदबाजी: उमरजई 4-0-33-0, वारियर 3-0-15-3, राशिद 4-0-35-0, नूर 3-0-36-1, मोहित 4-0-73-0, शाहरूख 1-0-8-0, साई किशोर 1-0-22-0

### गुजरात-220/8 (20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| रिद्धिमान का अक्षर बो कुलदीप | 39 |
| शुभमन का अक्षर बो नोर्किया | 06 |
| साई सुदर्शन का अक्षर बो रसिक | 65 |
| उमरजई का फ्रेजर बो अक्षर | 01 |
| मिलर का रसिक बो मुकेश | 55 |
| शाहरूख खान का पंत बो रसिक | 08 |
| राहुल का पंत बो कुलदीप | 04 |
| राशिद खान नाबाद | 21 |
| साई किशोर बो रसिक | 13 |
| मोहित शर्मा नाबाद | 00 |

अतिरिक्त: 08
कुल:20 ओवर में आठ विकेट पर: 220 रन
विकेट पतन: 1-13, 2-95, 3-98, 4-121, 5-139, 6-152, 7-181, 8-206
गेंदबाजी: खलील 2-0-26-0, नोर्किया 3-0-48-1, रसिक 4-0-44-3, मुकेश 4-0-41-1, अक्षर 3-0-28-1, कुलदीप 4-0-29-2



### बेंगलोर-हैदराबाद के बीच आज होगा मुकाबला

**हैदराबाद।** सनराइजर्स हैदराबाद की टीम जब गुरुवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग मैच में निचले पायदान पर चल रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ मैदान पर उतरेगी तो उसकी निगाह फिर से आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए रनों का अंबार लगाने की होगी। इस आईपीएल चरण में तीन बार 250 रन का आंकड़ा पार कर चुकी सनराइजर्स हैदराबाद ने तूफानी बल्लेबाजी दिखाई है, इसमें मुंबई इंडियंस उसका सबसे पहला शिकार बनी और फिर बेंगलुरु में 2016 की विजेता टीम ने आरसीबी के खिलाफ तीन विकेट पर 287 रन बनाकर टूर्नामेंट का सबसे बड़ा स्कोर खड़ा कर दिया। गुरुवार को भी अगर एसआरएच कुछ रिकॉर्ड बना दे तो हैरानी नहीं होगी और वो भी आरसीबी के कमजोर गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ, जिसकी संभावना काफी ज्यादा है। आरसीबी के गेंदबाजी विभाग का अंदाजा इस बात से ही लगाया जा सकता है कि उसका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज यश दयाल सात विकेट से सूची में 24वें स्थान पर है।

# सिफ्ट, नीरज ने जीता राइफल थ्रीपी का ओलंपिक चयन ट्रायल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता निशानेबाज सिफ्ट कौर सामरा महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन ओलंपिक चयन के पहले ट्रायल (ओएसटी टी1) शीर्ष पर रही जबकि पुरुष वर्ग में नीरज कुमार पहले और दूसरे दोनों ट्रायल में सबसे आगे रहे। विश्व रिकॉर्ड धारी सिफत को आशी चौकसे से कड़ी टक्कर मिली लेकिन 'प्रोन पोजिशन' में शानदार प्रदर्शन के दम पर उन्होंने 3.7 अंक के अच्छे अंतर से जीत दर्ज की। सिफ्ट ने 466.3 का स्कोर किया जबकि आशी के नाम 462.6 अंक रहे। ओलंपियन अंजुम मौदगिल ने 449.2 के स्कोर के तीसरे जबकि निश्चल (433.6) और पेरिस कोटा धारक श्रियंका सदांगी (416.7) को क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान से संतोष करना पड़ा। पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पी में, नीरज कुमार ने 462.2 के स्कोर के साथ जीत हासिल की। पेरिस कोटा धारक और क्वालिफिकेशन में शीर्ष पर रहे स्वप्निल कुसाले (460.9) दूसरे स्थान पर खिसक गए, जबकि ऐश्वर्य तोमर (450.5) तीसरे स्थान पर रहे। चैन सिंह (439.8) और अखिल श्योराण (429.1) क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर रहे। इसके साथ ही पुरुषों और महिलाओं के 10 मीटर एयर राइफल और एयर पिस्टल क्वालीफिकेशन मुकाबले हुए।



**शिक्षा विभाग**
**महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक**
(हरियाणा अधिनियम सं. XXV ऑफ 1975 के तहत स्थापित एक राज्य विश्वविद्यालय)
एनएएसी द्वारा प्रमाणित 'ए+' ग्रेड विश्वविद्यालय

**एकीकृत अध्यापक शिक्षा प्रोग्राम (आईटीईपी)**
**(एनसीटीई द्वारा मान्यताप्राप्त)** (विज्ञा. पीआर सं. 09 ऑफ 2024)
***हेतु प्रवेश अब प्रारम्भ है***
**माध्यमिक स्तर (बी.ए.–बी.एड. और बी.कॉम.–बी.एड.)**

- एनटीए द्वारा राष्ट्रीय कॉमन प्रवेश परीक्षा (एनसीईटी), 2024 हेतु ऑनलाइन आवेदन।
- आवेदन प्रपत्र को ऑनलाइन जमा करवाना :
- 13 अप्रैल से 30 अप्रैल 2024 तक (अप. 11:30 बजे तक)
- 4-वर्षीय-दोहरी- मुख्य- सम्पूर्ण बैचलर की डिग्री (बी.ए.-बी.एड. - 50 सीट) (बी.कॉम.-बी.एड.- 50 सीट)
- अध्यापक शिक्षा हेतु राष्ट्रीय परिषद द्वारा मान्यताप्राप्त प्रोग्राम्स
- पात्रता : ग्रेड 12 (10+2) अथवा किसी अन्य समकक्ष परीक्षा में कुल न्यूनतम 50% (केवल हरियाणा के एससी/एसटी/दृष्टिहीन/दृष्टिगत रूप से और निःशक्तजन उम्मीदवारों के मामले में 47.5%) अंकों वाले विद्यार्थी प्रवेश के लिए आवेदन करने हेतु पात्र हैं।

अधिक जानकारी हेतु पधारें : (https://www.nta.ac.in, https://ncet.samarth.ac.in और https://ncte.gov.in/Website/Hindi/Index.aspx)
संवाद विज्ञा. सं.-1235/11/126/2025/26179/सी/88/6 दि. 24.04.24




### एशियाई अंडर-20 एथलेटिक्स में दीपांशु ने भाला फेंक में जीता स्वर्ण

**नई दिल्ली।** दीपांशु शर्मा ने बुधवार को दुबई में 21वीं एशियाई अंडर 20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप के शुरुआती दिन अच्छा प्रदर्शन करते हुए पुरुष भाला फेंक में स्वर्ण पदक हासिल किया। दीपांशु ने 70.29 मीटर की दूरी के साथ शीर्ष पुरस्कार जीता, जबकि रोहन यादव ने 70.03 मीटर की दूरी के साथ रजत पदक अपने नाम किया। पुरुषों की 1500 मीटर में प्रियांशु ने तीन मिनट 50.85 सेकंड का समय लेकर रजत पदक जीता। सुबह के सत्र में रितिक ने पुरुषों चक्का फेंक में रजत पदक जीता, जबकि प्राची अंकुश देवकर महिलाओं की 3000 मीटर में कांस्य पदक जीतने से चूक गईं और चौथे स्थान पर रहीं। रितिक ने चक्का फेंक में 53.01 मीटर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इस स्पर्धा का स्वर्ण कतर के जिब्राइन ए. अहमत (54.80 मीटर) को मिला। सऊदी अरब के हसन मुबारक अलहसाई ने 50.41 मीटर के साथ कांस्य पदक जीता। भारत के मध्यम दूरी और फर्राटा धावकों अच्छी शुरुआत की। भारतीय धावक शुरुआती दिन अपनी-अपनी हीट में सफल रहे। महिलाओं की 800 मीटर में लक्षिता विनोद सैंडलिया और तन्वी मलिक पदक चरण के लिए क्वालीफाई करने में सफल रहीं।

### भारत की अगुवाई करेंगी मुक्केबाज प्रीति

**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक जाने वाली टीम की सदस्य मुक्केबाज प्रीति पवार 27 अप्रैल से कजाखस्तान के अस्ताना में शुरू होने वाली एएसबीसी एशियाई अंडर-22 और युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप में 50 सदस्यीय भारतीय टीम की अगुवाई करेंगी। एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता प्रीति ने 54 किग्रा वजन वर्ग में पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल किया था।



**JOIN ARMY DENTAL CORPS**
**AS SHORT SERVICE COMMISSIONED OFFICER**
**FOR A PROMISING & CHALLENGING CAREER: 2024**

सेना डेंटल कोर में अल्पसेवा कमीशन के लिए भारतीय नागरिकों पुरुष और महिला दोनों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

**योग्यता:** उम्मीदवारों को डेंटल काउंसिल ऑफ इंडिया (डीसीआई) द्वारा मान्यता प्राप्त कॉलेज / विश्वविद्यालय से बीडीएस / एमडीएस डिग्री धारक होना चाहिए।

**आयु सीमा:** उम्मीदवार की आयु 31 दिसम्बर 2024 को 45 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

Online applications are invited from Indian citizens, both male and female, for grant of Short Service Commission in the Army Dental Corps.

**QUALIFICATION:** Candidates must be BDS/ MDS Degree Holder from a College/ University recognized by Dental Council of India (DCI).

**AGE LIMIT:** The candidate must not have attained 45 years of age as on 31 Dec. 2024.

अधिक जानकारी के लिए 20 अप्रैल 2024 का Employment News / Rozgar Samachar देखें। पात्रता का विवरण, शर्तें, अनुदेश और ऑनलाइन आवेदन 6 मई 2024 के पश्चात www.joinindianarmy.nic.in वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे।

For more information, see Employment News/ Rozgar Samachar issue of 20 Apr. 2024. Details of Eligibility, Terms & Conditions, Instructions and Online Applications will be available on the website www.joinindianarmy.nic.in from 06 May 2024 onwards.

Scan QR Code to apply online 06 May 2024 onwards

CBC- 10601/11/0006/ 2425

## चिंतन

# डीआरडीओ की उपलब्धियों से सुरक्षित हो रहा देश

भारतीय रक्षा अनुसंधान संस्थान ने अपने खाते में एक और उपलब्धि जोड़ ली है। संस्थान ने देश की सबसे हल्की बुलेट प्रूफ जैकेट बनाई है। पॉलिमर बैकिंग और मोनोलिथिक सिरेमिक प्लेट से तैयार की गई इस जैकेट को छह स्नाइपर गोलियां भी भेद नहीं सकीं। जैकेट का इन-कंजक्शन और स्टैंडअलोन डिजाइन सैनिकों को गोला-बारूद से सुरक्षा प्रदान करेगा। कानपुर में तैयार इस जैकेट की टेस्टिंग चंडीगढ़ में की गई। इस जैकेट को पहनने के बाद न केवल सैनिक सुरक्षित रहेंगे, बल्कि उनका मनोबल भी बढ़ेगा। इसके अलावा ये खोज डिफेंस सेक्टर में आत्मनिर्भरता की ओर भी बड़ा कदम है। भारतीय सेना के प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने भी इस खोज पर डीआरडीओ को बधाई दी है। यह पहली बार नहीं है जब संस्थान ने रक्षा क्षेत्र में कोई बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इससे पहले भी अनेक अनुसंधान कार्यों को अंजाम दिया है। वैमानिकी, हथियार, इलेक्ट्रॉनिक्स, युद्धक गाड़ियों, इंजीनियरिंग सिस्टम, मिसाइल, अडवांस्ड कंप्यूटिंग और सिमुलेशन, नौसेना प्रणाली, लाइफ साइंस, इन्फर्मेशन सिस्टम और कृषि विकास में भी इसका अहम योगदान है। कौन भूल सकता है 1983 को जब भारत ने एकीकृत निर्देशित मिसाइल विकास कार्यक्रम को लॉन्च किया था। इसका उद्देश्य आत्मरक्षा के लिए मिसाइलों के विकास को अनुसंधान करना था। मिसाइल टेक्नॉलोजी के मैदान में भारत की प्रगति को देखकर अंतरराष्ट्रीय संस्थान एमटीसीआर ने इस पर रोक लगा दी। तकनीक तक भारत पहुंचने से रोक दी गई, लेकिन ये प्रतिबंध देश की इच्छाशक्ति में बाधक नहीं बन पाए। भारत ने एक के बाद एक स्वदेशी पृथ्वी, त्रिशूल, आकाश और नाग मिसाइलों का सफलतापूर्वक परीक्षण किया, जिसमें आकाश, अग्नि एक, दो, तीन, पांच, पृथ्वी एक, दो, तीन, त्रिशूल, नाग के अलावा कई और नाम शामिल हैं। केवल इतना ही नहीं भारतीय रक्षा अनुसंधान संस्थान ने एक राडार भी विकसित किया है। इसका नाम है दिव्यचक्षु। यह तस्वीर लेने वाला राडार है। इसकी मदद से 20 से 30 सेंटीमीटर मोटी दीवार के पार की तस्वीर भी ली जा सकती है। भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा बंधकों को बचाने के अभियान में इसका इस्तेमाल किया जाता है। ऐसे ही 2010 में डीआरडीओ ने एक प्लास्टिक ग्रेनेड विकसित किया। इसे मिर्ची बम भी कह सकते हैं। यह जानलेवा बम नहीं है। इसमें भूत जोलोकिया नाम की दुनिया की सबसे तीखी मिर्च का पाउडर इस्तेमाल किया जाता है। यह छिपे हुए आतंकवादियों को बाहर निकालने में काफी कारगर है। भूत जोलोकिया नाम की मिर्च का उत्पादन असम में होता है। इसी को लेकर यह तैयार किया गया है। संस्थान ने दुश्मनों के लिए सबसे बड़ा भय बनकर उभरी ब्रह्मोस मिसाइल को रूस के साथ मिलकर तैयार किया है। इसका नाम भारत की ब्रह्मपुत्र नदी और रूस की मस्कवा नदी पर रखा गया है। यह राडार को चकमा दे सकने वाला एक सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल है। इसे पनडुब्बी से, पानी के जहाज से, विमान से या जमीन से भी छोड़ा जा सकता है। डीआरडीओ को इस बात का श्रेय जाता है कि भारत दुनिया का एकमात्र देश है जिसकी थलसेना, नौसेना और वायुसेना में सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलें शामिल हैं, लेकिन इतनी कामयाबी का मतलब यह तो कतई नहीं हो सकता कि सब हो गया। अभी बहुत कुछ किया जाना शेष है। जैसे-जैसे हम उन्नत होंगे वैसे खतरे भी बढ़ेंगे। इसके लिए जरूरी है कि हर तरह की तैयारी रखी जाए।

# नक्सली एक्शन पर सियासत क्यों



**दो टूक**
डॉ. रमेश ठाकुर

> नक्सलियों पर इस कार्रवाई को लेकर एक बार फिर कांग्रेस ने प्रामाणिकता पर सवाल उठाए है। वाजिब सवाल ये है कि आखिर चुनाव के बीच नक्सल और सुरक्षा बलों के बीच चले इस संघर्ष को राजनीतिक रंग देने में किसका भला होगा? भूपेश बघेल तो मुठभेड़ को फर्जी भी बता रहे हैं। वहीं, कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने भी बिना सोचे समझे नक्सलियों से हमदर्दी जताई है। ये तो जगजाहिर है कि कांग्रेस नक्सल आंदोलन के हिंसावादी रवैये की प्रति शुरू से नरम रही है, जबकि कायदे से देखें तो नक्सलियों ने उनके भी कई नेताओं को मौत के घाट उतारा है। अब समय की मांग इसे जड़ से खत्म किया जाए।

कांकेर (छत्तीसगढ) में पिछले सप्ताह केंद्रीय सुरक्षाकर्मियों ने एक ऑपरेशन के तहत बड़ी संख्या में नक्सलियों को मार गिया। सूचनाएं थी कि नक्सली चुनाव में गड़बड़ी करने वाले थे। उनका निशाना पोलिंग बूथ थे, उनके पास से बड़ी मात्रा में हथियार और गोलाबारूद बरामद हुए। नक्सलियों पर इस कार्रवाई को लेकर एक बार फिर कांग्रेस ने प्रामाणिकता पर सवाल उठाए हैं। वाजिब सवाल ये है कि आखिर चुनाव के बीच नक्सल और सुरक्षा बलों के बीच चले इस संघर्ष को राजनीतिक रंग देने में किसका भला होगा? भूपेश बघेल तो मुठभेड़ को फर्जी भी बता रहे हैं। वहीं, कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने भी बिना सोचे समझे नक्सलियों से मुठभेड़ पर सवाल उठाए हैं। हालांकि, विरोध होने पर अब दोनों अपने बयानों को लेकर लीपापोती करने में लगे हैं। कुछ विपक्षी नेताओं ने इससे पूर्व भी नक्सलियों को शहीद बताया था।

ये तो जगजाहिर है कि कांग्रेस नक्सल आंदोलन के हिंसावादी रवैये की प्रति शुरू से नरम रही है, जबकि कायदे से देखें तो नक्सलियों ने उनके भी कई नेताओं को मौत के घाट उतारा है। बहरहाल, कांकेर मुठभेड़ को लेकर कांग्रेस और सत्तारूढ़ पार्टी के बीच जमकर वाकयुद्ध जारी है, पर नक्सलवाद की समस्या चुनाव तक ही सीमित नहीं रहने वाली? क्योंकि देश विगत 70 वर्षों से नक्सल आतंकवाद झेलता आया है। अब समय की मांग इसे जड़ से खत्म किया जाए। केंद्र की योजना फिलहाल इसी ओर अग्रसर भी है। अभी तक हजारों नक्सली मारे गए हैं जिनमें बड़ी संख्या में हमारे जवान भी शहीद हुए हैं, इसलिए इस समस्या को राजनीतिक चश्मे से देखने का कतई औचित्य नहीं? इस समस्या को जड़ से मिटाने की राष्ट्रीय नीति के प्रति सभी को एक समान विचार रखना चाहिए। केंद्र सरकार ने गत दस वर्षों में नक्सल उन्मूलन की नीति पर एक निरंतरता बनाए हुआ है जिसके बेहतरीन परिणाम भी मिले हैं।

नक्सल आंकड़ों पर गौर करें तो 2004-14 के यूपीए के दस सालों के नक्सली हमलों या मुठभेड़ों में 1,750 सुरक्षा बलों के जवानों की शहादत हुई थी, लेकिन 2014-23 में करीब 72 फीसदी तक कमी आई। इस दौरान 485 सुरक्षा बलों के जवानों की जानें गई। इसी अवधि में नागरिकों की मौत की संख्या भी 68 प्रतिशत घटकर 4,285 से 1,383 हुई। कांग्रेस सरकार अपने वक्त में ये तय नहीं कर पाई थी कि वह आर्मड वाम विद्रोह के खिलाफ केंद्रीय नीति किस तरह की रखे। कांग्रेस के नेताओं में इस पर एकमत था ही नहीं। प्रधानमंत्री के रूप में मनमोहन सिंह उच्च-स्तरीय सुरक्षा सम्मेलनों में तो यह कहते रहे कि नक्सलवाद देश के लिए खतरा है, पर गृहमंत्री के रूप में चिदंबरम ने सशस्त्र विद्रोह के प्रति कोई आक्रामक नीति कभी बनाई ही नहीं? मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री रहे दिग्विजय सिंह नक्सलवाद के मूल कारणों को ढूंढने के अपने सिद्धांत बना लिए और उसी की वकालत करते रहे। सन 2009 में यूपीए सरकार ने ऑपरेशन 'ग्रीन हंट' शुरू किया था। तब कहा गया था कि सरकार नक्सलियों को पूरी तरह खत्म कर देगी। सीआरपीएफ को इसके लिए खास तरह के टास्क दिए



गए, यहां तक कि भारतीय सेना को भी लगाया गया, लेकिन ऑपरेशन 'ग्रीन हंट' सुरक्षा बलों के लिए ही काल बन गया। अप्रैल-2010 में नक्सलियों ने दंतेवाड़ा में एक ही दिन 76 सीआरपीएफ के जवानों की हत्या कर दी। घरेलू मोर्चे पर यह ऑपरेशन 'ब्लूस्टार' के बाद सुरक्षा बलों की सबसे ज्यादा मौतों की यह घटना बन गई। यूपीए में तीन-तीन गृह मंत्री बनाए गए, शिवराज पाटिल, चिदंबरम और सुशील शिंदे। नक्सलवाद को लेकर तीनों की अपनी अलग-अलग राय थी। यूपीए सरकार ने ही मलकानगिरी के कलेक्टर विनील कृष्णा के बदले में आठ माओवादियों को रिहा किया। उसी दौरान माओवादी समर्थकों का एक पढ़ा लिखा वर्ग भी तैयार हुआ, जिन्हें आज अर्बन नक्सली कहा जाता है।

फिलहाल केंद्र सरकार अब ये दावा करती है कि उसने हिंसक वाम आंदोलन और उग्रवाद खिलाफ जोरदार अभियान छेड़ा है। नक्सली वामपंथी उग्रवाद को किसी भी तरह की रियायत नहीं दी जाएगी। 2015 में मोदी सरकार ने आतंकवाद और उग्रवाद के खिलाफ 'राष्ट्रीय नीति और कार्य योजना' शुरू की थी जिसमें हिंसा के प्रति 'जीरो टॉलरेंस' की बात कही गई थी। सरकार ने उसी समय से किसी भी तरह की हिंसा से निपटने के लिए पुलिस और सुरक्षा बलों का आधुनिकीकरण करना शुरू कर दिया। प्रशिक्षण के लिए विशेष तौर पर फंड जारी किए। इसके साथ ही सरकार ने हिंसा प्रभावित राज्यों की सहायता के लिए विशेष बुनियादी ढांचे को मजबूत करने पर काम शुरू किया। सुरक्षा जरूरतों में आने वाले खर्चों के लिए अलग से धनराशि जारी की। इतना ही नहीं इस पूरे काम की निगरानी करने के लिए सरकार ने अपने दूसरे कार्यकाल में अमित शाह के नेतृत्व में गृह मंत्रालय में एक अलग डिवीजन बना दिया है। इसे वामपंथी उग्रवाद प्रभाग का नाम दिया गया। वामपंथी उग्रवादियों का मुकाबला करने और राज्य पुलिस बलों की क्षमता को बढ़ाने के लिए राज्यों में इंडिया रिजर्व बटालियन का भी गठन किया गया। लगातार ऑपरेशन से माओवादियों और नक्सलियों के पांव उखड़ गए हैं। वर्ष 2014 से 2023 के बीच में वामपंथी उग्रवाद से संबंधित हिंसा में 52 फीसदी से अधिक की कमी आई है। इस तरह कुल मौतों में भी 69 फीसदी की कमी आई है। सुरक्षा बलों के हताहतों की संख्या इस समय काफी कम है। यह एक बड़ी उपलब्धि रही है। केंद्र सरकार मोदी ने कई मर्तबा वामपंथी उग्रवादियों को हिंसा छोड़ने और बातचीत करने का प्रस्ताव दिया था। उनके लिए केंद्र ने कई विकास परियोजनाएं भी शुरू करने की बात कही। जिनमें वामपंथी उग्रवाद से ग्रस्त क्षेत्रों में 17,600 किमी सड़कों को मंजूरी देना। केंद्र ने राज्यों को नियमित निगरानी के लिए हेलीकॉप्टर और मानव रहित हवाई वाहन उपलब्ध करवाना। सुरक्षा इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाने के लिए स्पेशल फंड्स जारी किए। इस मद में करीब 971 करोड़ रुपये की परियोजनाएं मंजूरी भी हुईं। इन परियोजनाओं में 250 किलेबंद पुलिस स्टेशन स्थापित करने का काम शुरू भी हुआ। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के लिए सड़क योजना को केंद्र सरकार ने आठ राज्यों आंध्र प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, एमपी, महाराष्ट्र, ओडिशा और यूपी के 34 जिलों में लागू किया है।

नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में मोबाइल कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए सरकार ने अगस्त 2014 में इन क्षेत्रों में मोबाइल टावरों की स्थापना को भी मंजूरी दी। अब तक 4885 मोबाइल टावर लगाए गए हैं। दूसरे चरण में 2,542 मोबाइल टावर और लगाए जा रहे हैं। सरकार ने वामपंथी उग्रवाद के पीड़ित परिवारों के लिए मुआवजे को 2017 में 5 लाख से बढ़ाकर 20 लाख कर दिए हैं और अब इसमें बढ़ोतरी करके 40 लाख कर दिए हैं, लेकिन नक्सली फिर भी नहीं मान रहे। तभी हार कर अब उनके खिलाफ 'पुलिस टेक्नोलॉजी मिशन' शुरू हुआ है। प्रहार किया जाए। कांकेर मुठभेड़ उसी का हिस्सा है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## दिवस विशेष
अरविंद जयतिलक




# मलेरिया से निपटने की चुनौती

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) की मानें तो पूरी दुनिया में मलेरिया के कुल मामलों में से 80 प्रतिशत भारत और 15 प्रतिशत उप सहारा अफ्रीकी देशों से होते हैं। चिकित्सा पत्रिका लासेंट द्वारा भी कहा जा चुका है कि भारत में हर साल दो लाख से अधिक लोगों की मौत मलेरिया से होती है। इस पत्रिका की मानें तो यह आंकड़ा विश्व स्वास्थ्य संगठन के पास क्लीनिक और अस्पतालों में होने वाली मौतों की संख्या के आंकड़े के आधार पर है, जबकि बड़ी संख्या में मलेरिया से लोगों की मौतें घरों में होती है। उल्लेखनीय है कि भारत में मलेरिया उन्मूलन के प्रयास वर्ष 2015 में शुरू किए गए तथा वर्ष 2016 में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के नेशनल फ्रेमवर्क फॉर मलेरिया एलिमिनेशन की शुरूआत के बाद इन प्रयासों में और अधिक तेजी आई। मलेरिया उन्मूलन के लिए राष्ट्रीय रणनीतिक योजना (2017-2022) जुलाई 2017 में शुरू की गई, जिसके अपेक्षित परिणाम मिलने शुरू हो गए हैं। 2003 में राष्ट्रीय ज्ञात कारण बीमारी नियंत्रण कार्यक्रम यानी एनवीबीडीसीपी के तहत मलेरिया नियंत्रण को अन्य ज्ञात-कारण बीमारियों के साथ मिला लिया गया। क्योंकि ऐसी सभी बीमारियों की रोकथाम के लिए एक ही रणनीति होती है जैसे रासायनिक नियंत्रण, वातावरण प्रबंधन, जैविक नियंत्रण और निजी सुरक्षा उपाय। उल्लेखनीय है कि 2005 में भारत में शुरू किए गए राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन का उद्देश्य भी मलेरिया सही सभी ज्ञात बीमारियों पर नियंत्रण लगाना है। ध्यान देना होगा कि विश्व बैंक के सहयोग से 1997 तथा 2005 के मध्य आईडीए साख द्वारा अंशतः वित्तीय सहायता प्राप्त एक मलेरिया नियंत्रण परियोजना चुनिंदा राज्यों एवं जिलों में लागू की गई थी। उल्लेखनीय है कि मलेरिया पर पहले पहल गंभीर वैज्ञानिक अध्ययन 1880 में हुआ था जब एक फ्रांसीसी सैन्य चिकित्सक चार्ल्स लुई अल्फोंस लैवेरन ने अल्जीरिया में काम करते हुए पहली बार लाल रक्त कोशिका के अंदर परजीवी को देखा था। मलेरिया प्रमुख रूप से वातावरण एवं जलवायु पर निर्भर करता है। हाल के दिनों में जलवायु परिर्तन के मद्देनजर मलेरिया में भी बदलाव देखे गए हैं। गौर करें तो मलेरिया प्रतिवर्ष 40 से 90 करोड़ बुखार के मामलों का कारण बनता है, वहीं इससे 10 से 30 लाख मौतें हर वर्ष होती है। इनमें से ज्यादतर पांच वर्ष से कम आयु वाले बच्चे होते हैं। यह बिडंबना ही कहा जाएगा कि संक्रमण रोकने के प्रयास तथा इलाज करने के प्रयासों के बावजूद 1992 के बाद इसके मामलों में अभी तक अपेक्षित सफलता हाथ नहीं लगी है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर मलेरिया की वर्तमान प्रसार दर इसी तरह बनी रही तो अगले 20 वर्षों में मृत्यु दर दोगुनी हो सकती है। विशेषज्ञों की मानें तो मलेरिया से जुड़े आंकड़े ज्ञात आंकड़ों से कई गुना अधिक होते हैं, इसलिए कि इसके अधिकांश रोगी ग्रामीण इलाकों में रहते हैं। मलेरिया के वैश्विक फैलाव पर नजर दौड़ाएं तो यह रोग भूमध्य रेखा के दोनों तरफ विस्तृत क्षेत्र में फैला हुआ है। मलेरिया के विस्तार पर गौर करें तो सूखे क्षेत्रों में इसके प्रसार का वर्षा की मात्रा से गहरा संबंध होता है। डेंगू बुखार के बनिस्बत यह शहरों की अपेक्षा गांवों में ज्यादा फैलता है। उदाहरण के लिए वियतनाम, लाओस और कंबोडिया के नगर मलेरिया मुक्त हैं, जबकि इन देशों के गांव मलेरिया से बुरी तरह प्रभावित हैं। यहां ध्यान देना होगा कि मलेरिया सामाजिक-आर्थिक जीवन पर बुरी तरह प्रभाव डाल रहा है। यह गरीबी और आथिक विकास में अवरोध का कारण बनता जा रहा है। यह पाया गया है कि जिन क्षेत्रों में मलेरिया का ज्यादा प्रभाव है, वहां यह नकारात्मक आर्थिक प्रभाव डाल रहा है। यदि प्रति व्यक्ति जीडीपी की तुलना यदि 1995 के आधार पर करें तो मलेरिया मुक्त क्षेत्रों और मलेरिया प्रभावित क्षेत्रों में इसमें पांच गुना अंतर नजर आता है। शोध में यह पाया गया कि जिन देशों में मलेरिया फैलता है उनके जीडीपी में 1965 से 1990 के मध्य केवल प्रतिवर्ष 0.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई और मलेरिया से मुक्त देशों में यह वृद्धि 2.4 प्रतिशत पाई गई। मलेरिया के कारण केवल अफ्रीका में ही प्रतिवर्ष 15 अरब अमेरिकन डॉलर का नुकसान हो रहा है। भारत की बात करें तो यहां भी मलेरिया से निपटनें में हर वर्ष हजारों करोड़ रुपया खर्च हो रहा है। इसका मुख्य कारण यह है कि देश की तकरीबन 85 प्रतिशत आबादी मलेरिया के जोखिम वाले क्षेत्रों में निवास कर रही है। आंकड़ों पर गौर करें तो एक अनुमान के मुताबिक मलेरिया की 65 प्रतिशत रोगी उड़ीसा, झारखंड, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, पश्चिम बंगाल तथा पूर्वोत्तर क्षेत्रों में ही पाए जाते हैं। अत्यधिक रोग भार वाली आबादी नृजातीय जनजातियां हैं जो इन क्षेत्रों के दुर्गम वनीय क्षेत्रों में निवास करती है। यहां के लोग गरीब तो हैं ही साथ सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं का भी अकाल है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## साधना से ही मिलता है वास्तविक सुख



संकलित
**दर्शन**

अधिकांश व्यक्ति आज भौतिक मूल्यों के उपासक बन गए हैं। इस कारण जीवन के धर्म एवं मर्म को भुला बैठे हैं। उनकी इस उपासना ने दुनिया के बाह्य जगत को बड़ा सुहावना, बना दिया है, जबकि वास्तविक सुख' अंतर्यात्रा से ही संभव है। भौतिक आकर्षण के पीछे मनुष्य दौड़ रहा है। यदि वह क्षण भर रुककर गंभीरता से सोचे तो उसे पता चलेगा कि यह सब भ्रम जाल है। जीवन वह नहीं, जिसे वह जी रहा है। संत एकनाथ ने कहा है कि धन जोड़कर भक्ति का दिखावा करने से कोई लाभ नहीं, क्योंकि ऐसा करने से मन में वासना और भी बढ़ जाएगी और जिनका चित्त वासना में फंसा हुआ है, उन्हें अंतरात्मा के दर्शन कैसे हो सकते हैं। वास्तविक सुख पाने के लिए व्यक्ति भक्ति यानी साधना की ओर प्रवृत्त होता है। स्थायी सुख की प्राप्ति भक्ति पर ही निर्भर है। भक्ति से मन को वश में करना है और मन को वश में करने का सरल उपाय है उसे परमात्मा के हेतु निरंतर भले कार्यों में लगाए रखना। महात्मा गांधी ने प्रेमा बहन के नाम लिखे पत्र में लिखा है-जो लोग कृष्ण-कृष्ण कहते हैं वे उसके पुजारी नहीं हैं। जो उनका काम करते हैं, वे ही पुजारी हैं। रोटी-रोटी कहने से पेट नहीं भरता, अपितु रोटी खाने से ही भरता है। मन को वश में लाने का अभ्यास अनेक प्रकार का होता है। इन अभ्यासों को ही भक्ति यानी साधना कहा गया है। जिस व्यक्ति ने स्वयं को शांति-अशांति, मान-अपमान और सुख-दुख से निर्लिप्त बना लिया है। वही निर्विघ्न शांति में स्थित रह सकता है।

## प्रार्थना के बाद भी भगवान नहीं सुन रहे



संकलित
**प्रेरणा**

एक सेठ के घर के बाहर एक साधु महाराज खड़े होकर प्रार्थना कर रहे थे और बदले में खाने को रोटी मांग रहे थे। सेठानी काफी देर से उसको कह रही थी कि आ रही हूं। रोटी हाथ में थी पर फिर भी कह रही थी कि रुको आ रही हूं। साधू ईश्वर से प्रार्थना कर रहे थे और रोटी मांग रहे थे। सेठ ये सब देख रहा था पर समझ नहीं पा रहा था, आखिर सेठानी से बोला- रोटी हाथ में लेकर खड़ी हो, वो बाहर मांग रहे हैं, उन्हें कह रही हो आ रही हूं तो उन्हें रोटी क्यों नहीं दे रही हो? सेठानी बोली- हां रोटी दूंगी, पर क्या है ना कि मुझे उनकी प्रार्थना बहुत अच्छी लग रही है, अगर उनको रोटी दे दूंगी तो वो आगे चले जाएंगे। मुझे उसकी प्रार्थना और सुननी है। यदि प्रार्थना के बाद भी भगवान आपकी नहीं सुन रहे हैं तो समझना कि उस सेठानी की तरह प्रभु को आपकी प्रार्थना प्यारी लग रही है, इसलिए इंतजार करो और प्रार्थना करते रहो। जीवन में कैसा भी दुःख और कष्ट आए पर प्रार्थना मत छोड़िए। क्या कष्ट आता है तो आप भोजन करना छोड़ देते हैं? क्या बीमारी आती है तो आप सांस लेना छोड़ देते हैं? नहीं ना? फिर जरा सी तकलीफ आने पर आप प्रार्थना करना क्यों छोड़ देते हो? कभी भी दो चीजें मत छोड़िए। भोजन छोड़ दोगे तो जिंदा नहीं रहोगे और प्रार्थना छोड़ दोगे तो कहीं के नहीं रहोगे। सही मायने में जिंदगी में प्रार्थना और भोजन दोनों ही आवश्यक हैं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### लोक लुभावने नारों में नहीं आएगी जनता

कांग्रेस और मोदी सरकार के विरोधी दूसरे राजनीतिक दलों ने अपने घोषणापत्र पेश किए हैं। उन्हें जनहित और देशहित कम, मोदी सरकार की नीतियों का विरोधी ज्यादा बताया जा रहा है। यह बिल्कुल माना जा सकता है कि मोदी के विरोधी राजनीतिक दलों ने अपने-अपने घोषणा पत्र में मोदी सरकार की नीतियों का खुलकर विरोध किया है और अगर ये सत्ता में आते हैं तो मोदी सरकार की लगभग सभी योजनाओं और नीतियों में बदलाव करेंगे, लेकिन यह कोई नई बात नहीं है। प्रायः सभी दल पिछली सरकार की योजनाओं और नीतियों को बंद करते है या फिर उनमें थोड़ा-बहुत बदलाव कर उन पर अपना लेवल चिपकाने की कोशिश करते हैं।

*- सतीश रावत, राजनांदगांव*

## करंट अफेयर

### सीनेट में टिकटॉक पर जरूरी विधेयक पारित




अमेरिकी संसद के सीनेट में मंगलवार को एक विधेयक पारित किया गया जो प्रतिबंध लगाने की धमकी के साथ टिकटॉक की बिक्री के लिए इसका स्वामित्व रखने वाली चीनी कंपनी को मजबूर कर देगा। इस विधेयक को हस्ताक्षर के लिए अब राष्ट्रपति जो बाइडन के पास भेजा जाएगा। इस विधेयक के पारित होने के तुरंत बाद एक बयान जारी करके बाइडन ने कहा कि वह इस पर बुधवार को हस्ताक्षर करेंगे। अमेरिकी सांसदों के इस विवादास्पद कदम को जहां कानूनी चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है, वहीं इससे सामग्री का सृजन करने (कंटेंट क्रिएटर) वाले उन लोगों के परेशानियां पैदा होने की आशंका है जो आमदनी के लिए इस 'शॉर्ट-फॉर्म' वीडियो ऐप पर निर्भर हैं। टिकटॉक से जुड़े विधेयक को 95 अरब अमेरिकी डॉलर के उस बड़े पैकेज के हिस्से के रूप में शामिल किया गया था जो यूक्रेन और इजराइल को विदेशी सहायता प्रदान करता है और इसे 79-18 के अंतर से पारित किया गया। सांसदों द्वारा पिछले सप्ताह टिकटॉक विधेयक को उच्च प्राथमिकता वाले पैकेज में संलग्न करने का निर्णय लिया गया जिससे कांग्रेस में इसे तेजी से पारित कराने में मदद मिली।

## ऑफ बीट

### दुबई की बेतहाशा बारिश क्लाउड सीडिंग नहीं

जिस परियोजना का मैं हिस्सा था, उसे रेन (नेल्सप्रूट में रेन ऑग्मेंटेशन) नाम दिया गया था, वह एक क्लाउड सीडिंग प्रयोग था जो कई वर्षों से चल रहा था।



क्लाउड सीडिंग में छोटे कणों को बादल में जोड़ा जाता है ताकि नमी को कुछ आधार मिल सके और बूंदें बन सकें। धीरे-धीरे वे बूंदें आपस में जुड़ जाती हैं और इतनी भारी हो जाती हैं कि बारिश के रूप में गिर सकती हैं। सिद्धांत रूप में, ''बीजयुक्त'' बादलों में बारिश के लिए उपयुक्त अधिक बूंदें उगेंगी। कोई भी उड़ान बीजारोपण के प्रभावी होने का प्रमाण नहीं है। ऐसा कोई समान बादल नहीं है जिसके साथ किसी विशेष बादल को बोने के परिणाम की तुलना की जा सके। इसलिए बहुत सारे मिशनों को उड़ाना और उनमें से आधे बीज के लिए नहीं, मापने के लिए होते हैं, मापना आवश्यक है, जिससे स्वयं प्रयोग (बीज वाले बादल) और नियंत्रण (बिना बीज वाले बादल) के लिए एक डेटा सेट तैयार हो सके। रेन के परिणामों के सांख्यिकीय विश्लेषण में बताने के लिए ज्यादा कुछ नहीं था। कई वर्षों की कोशिश के बाद, कुछ तूफानों से बारिश की दरों में संशोधन सफल रहा, हालांकि यह साबित करना कभी संभव नहीं होगा कि किसी एक तूफान में बदलाव किया गया था।


## ट्रेंड

### शिखर सम्मेलन पर चर्चा



राजदूत उमर हिलाले मोरक्को संयुक्त राष्ट्र, और फिलिप क्रिडेल्का, बेल्जियम के साथ संयुक्त राष्ट्र में यूएन के सह-सुविधाकर्ता के रूप में 2025 में विश्व सामाजिक शिखर सम्मेलन पर उनके कार्य पर चर्चा करके खुशी हुई।
**-डॉ टेड्रोस, डब्ल्यूएचओ महानिदेशक**

### कर कटौती खत्म होगी



डोनाल्ड ट्रम्प को अपनी 2 ट्रिलियन डॉलर की कर कटौती पर बहुत गर्व था, जिससे सबसे बड़े निगमों को भारी लाभ हुआ और संघीय ऋण में वृद्धि हुई। वह कर कटौती समाप्त होने वाली है। अगर मैं दोबारा चुना जाता हूं, तो यह समाप्त हो जाएगा।
**-जो बाइडेन, अमेरिकी राष्ट्रपति**

### केक काटकर अच्छा लगा




मेरे जन्मदिन सप्ताह की शुरुआत करने का यह कैसा तरीका है! मुझे फुटबॉल खेलने, कहानियाँ साझा करने और इन लड़कियों के साथ केक काटने में बहुत मज़ा आया, जिन्हें सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन का समर्थन प्राप्त है। वे मुझे शुभकामनाएं देने वाले पहले व्यक्ति थे।
**-सचिन तेंदुलकर, क्रिकेटर**

### जिंदगी बदली जा सकती थी



नरेंद्र मोदी ने अपने अरबपति मित्रों का 16 लाख करोड़ रुपया कर्ज माफ किया है। इतने पैसों से 16 करोड़ युवाओं को 1 लाख रुपये साल की नौकरी मिल सकती थी। 16 करोड़ महिलाओं को 1 लाख रु. साल देकर उनके परिवारों की जिंदगी बदली जा सकती थी।
**-राहुल गांधी, कांग्रेस नेता**

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com




## तटरक्षकों की उच्चस्तरीय बैठक, समुद्री सुरक्षा ढांचे को मजबूत बनाने पर जोर

# समुद्री चुनौतियों से निपटने के लिए सहयोग बढ़ाएंगे भारत और ओमान

*दोनों पक्षों ने समुद्री चुनौतियों से निपटने में परस्पर सहयोग बढ़ाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की, जिससे क्षेत्र में समुद्री संरक्षा और सुरक्षा ढांचे को मजबूत बनाया जा सके।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय और रॉयल ओमान पुलिस तटरक्षकों के बीच 5वीं वार्षिक उच्चस्तरीय बैठक नई दिल्ली में हुई, जहां दोनों देशों के तटरक्षकों ने समुद्री सीमा से परे अवैध गतिविधियों से निपटने के प्रयासों और क्षेत्रीय सहयोग बढ़ाने को एक उपलब्धि बताया। दोनों पक्षों ने समुद्री चुनौतियों से निपटने में परस्पर सहयोग बढ़ाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। बैठक में भारतीय तटरक्षक के महानिदेशक राकेश पाल और रॉयल ओमान पुलिस तट रक्षक सहायक अधिकारी कमांडिंग कर्नल अब्दुल अजीज मोहम्मद अली अल जाबरी मौजूद थे।

- भारतः नेतृत्व महानिदेशक राकेश पाल ने किया
- ओमान के तट रक्षक का नेतृत्व कर्नल अल जाबरी ने किया
- प्रदूषण रिपोर्टिंग केंद्रों के बीच पेशेवर संबंध होंगे स्थापित
- सहयोगात्मक प्रयासों और सहयोग बढ़ाने को एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया





### संबंधों को मजबूत बनाने पर जोर

भारत और ओमान के तटरक्षकों की बैठक में क्षमता निर्माण कार्यक्रम, क्रॉस शिप यात्रा, सी-राइडर कार्यक्रम को लागू करने, प्रदूषण रिपोर्टिंग केंद्रों और अन्य सहयोगी व्यवस्थाओं के बीच पेशेवर संबंध स्थापित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। आरओ-पीसीजी और इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चरर्स के प्रतिनिधियों के बीच एक बैठक की 25 अप्रैल को नई दिल्ली में बैठक होगी।

### समुद्री डकैतों ने बढ़ा दी गंभीर चुनौतियां

समुद्री डकैतों की हाल ही कई घटनाओं ने समुद्री चुनौतियों को गंभीर रूप से बढ़ा दिया है। इन घटनाओं के कारण दूसरे और भी कई देशों की समुद्री सीमा सुरक्षा, व्यापार जैसे विभिन्न क्रियाकलाप प्रभावित होते हैं। ऐसे में भारतीय नौसेना एवं तटरक्षकों की तत्काल कार्रवाईयों ने कई अभियानों के जरिए इन घटनाओं पर काबू पाया किया है।

### आईसीडीआरआई आपदा प्रबंधन का बना वैश्विक मंच



*नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में बुधवार को इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन रेसिलिएंट डिजास्टर का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रधान सचिव पी. के मिश्रा ने कहा कि पिछले दशक में हमने जो निवेश किया है, उससे लोगों का जीवन बेहतर हुआ है। इस क्षेत्र में निवेश की आवश्यकता है। इस दौरान उन्होंने तीन बड़े रिकमंडेशन की बात रखी।*

### ग्लोबल साउथ की आवाज बनना बहुत महत्वपूर्ण


*उन्होंने कहा कि ग्लोबल साउथ की आवाज बनना सीडीआरआई के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। आईलैंड स्टेट्स को कैसे फाइनेंस मुहैया कराया जाए, तकनीक मुहैया कराई जाए, उस पर कई सारे रिकमंडेशन अपेक्षित है। अगले दो दिनों में भारत मंडपम में जो मंथन होगा उससे नई सिफारिशें निकलकर सामने आएंगी।*

## तीन दिवसीय दौरे पर ईरानी राष्ट्रपति

# अरबों की डील की खुशी पर पाक को अमेरिका ने दी खुली धमकी

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन





ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के पाक दौरे में दोनों देशों के बीच विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने को लेकर 8 समझौते हुए और एक समझौता ज्ञापन साइन हुआ जिस पर अमेरिका भड़क गया है।

अमेरिकी विदेश विभाग के प्रमुख डिप्टी प्रवक्ता वेदांत पटेल ने चेतावनी देते हुए कहा कि ईरान के साथ समझौते कर पाक प्रतिबंधों को न्योता दे रहा है। अमेरिका ने कहा है कि जो कोई भी ईरान के साथ व्यापारिक समझौतों पर आगे बढ़ने की सोचता है, उसे प्रतिबंधों के खतरे को लेकर भी जागरुक रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय में ईरान की स्थिति के कारण प्रतिबंधों से ईरान-पाक संबंध खतरे में पड़ सकते हैं। अमेरिका ने हाल ही में पाक के मिसाइल प्रोग्राम के लिए टेक्निकल सप्लाई कर रहे बेलारूस की एक कंपनी और चीन की तीन कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया है। इजराइल से जारी जंग के बीच पाकिस्तान पहुंचे ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी ने इजरायल को खुल कर चेतावनी दी है। इजराइल को चेतावनी देते हुए ईरानी राष्ट्रपति रईसी ने कहा है कि ईरान की धरती पर किसी भी तरह के हमले से वर्तमान स्थिति में खतरनाक बदलाव आएगा। 13 अप्रैल को ईरान ने इजराइल पर जवाबी हमला कर सीरिया में ईरानी दूतावास पर हुए हमले का बदला लिया है। राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी ने इजराइल को चेतावनी देते हुए कहा है कि वह दमिश्क वाली गलती फिर ना करे। अगर इजराइल, ईरान पर हमला करता है तो इजराइल का नामोनिशान नहीं रहेगा। इजराइल और फिलिस्तीन में जारी जंग को लेकर रईसी ने कहा कि ईरान और पाकिस्तान के लोग फिलिस्तीन का समर्थन करते हैं।

### सहयोग के लिए राजी हुए ईरान-पाक

पाकिस्तान और ईरान आने वाले पांच सालों में द्विपक्षीय व्यापार को 10 अरब डॉलर तक बढ़ाने पर सहमत हुए और विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने को लेकर 8 समझौते और एक समझौता ज्ञापन साइन किया। समझौते में पशु चिकित्सा और पशु स्वास्थ्य में सहयोग, नागरिक मामलों में न्यायिक सहायता और सुरक्षा मामले शामिल हैं। गौरतलब है कि इस सप्ताह की शुरुआत में अमेरिका ने पाकिस्तान के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के आपूर्तिकर्ताओं पर प्रतिबंध लगाए थे। इनमें चीन की तीन कंपनियां भी शामिल थीं। अमेरिकी विदेश विभाग के उप प्रवक्ता ने कहा कि प्रतिबंध इसलिए लगाए गए थे, क्योंकि ये सभी संस्थाएं सामूहिक विनाश के हथियारों की प्रसारक थीं।

### रावी नदी पर भारत का अधिकार नहीं जा सकते कोर्टः बोला पाक

**इस्लामाबाद।** सिंधु जल संधि को लेकर पाकिस्तान के कानून मंत्री आजम नजीर तरार ने कहा है, कि रावी नदी पर भारत का अधिकार है और हम उसके खिलाफ इंटरनेशनल कोर्ट नहीं जा सकते। कानून मंत्री आजम नजीर तरार ने कहा है कि सिंधु जल संधि के तहत रावी नदी के पानी पर भारत का अधिकार है, जो पाक को कानूनी रूप से बाध्य करता है।




## अमेरिका का नया कारनामाः 30 फीट तक जाती हैं लपटें

# 'थर्मोनेटर'... ये रोबोडॉग आपके एक इशारे पर उगलता है... आग ही आग

एजेंसी ▶▶ ओहायो



अमेरिका के ओहायो में थ्रोफ्लेम कंपनी ने एक रोबोट कुत्ता बनाया है। नाम है थर्मोनेटर। ये सिर्फ भौंकता, दौड़ता या उछलता-कूदता नहीं है, बल्कि आपके एक इशारे पर यह आग भी उगलता है। यह दुनिया का पहला आग उगलने वाला रोबोडॉग है। यह 30 फीट लंबी आग की लपट फेंकता है। इसका इस्तेमाल आग को रोकने भी कर सकते हैं। , कृषि प्रबंधन, कंजरवेशन, बर्फ हटाने जैसे कार्यों के लिए भी कर सकते हैं।

### ऐसे उगलता है आग

*आग कहां फेंकनी है, इसके लिए थर्मोनेटर में लेजर मांउट किया गया है। यानी जहां या जिसे टारगेट बनाना हो, वहां पर लेजर से डॉग को गाइड करो। इसके बाद यह लेजर की दिशा में थर्मोनेटर आग की लपट फेंकने लगता है। यह डॉग खुद ही रोशनी, रेंजिंग और लिडार सिस्टम के जरिए नेविगेट करता है। इसमें लगी लेजर आंखों को नुकसान नहीं पहुंचाती।*

### इसकी खासियत

असल में थ्रोफ्लेम कंपनी अमेरिका की सबसे पुरानी फ्लेम थ्रोअर कंपनी है। यानी वो कंपनी जो ऐसे यंत्र बनाती है, जो जरूरत के मुताबिक आग फेंकने में सक्षम होते हैं। यह ड्रोन को संभालने की प्रसिद्ध तकनीक है।यूक्रेन में इसी तकनीक का इस्तेमाल रूसी सैनिकों, टैंकों और बख्तरबंद वाहनों पर किया गया था।

## लगातार हुए तीन विस्फोट

# मणिपुर में फिर हिंसाः नगालैंड से जोड़ने वाला पुल उड़ाया



एजेंसी ▶▶ कांगपोकपी

मणिपुर में बुधवार की रात में एक के बाद एक तीन धमाके हुए। ये धमाके मणिपुर के कांगपोकपी जिले में एक पुल को क्षतिग्रस्त करने के इरादे से किए गए थे। ये विस्फोट इम्फाल को नागालैंड के दीमापुर से जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग-2 पर सापरमीना के पास हुए। यह घटना मतदान से दो दिन पहले हुई। दूसरे चरण के मतदान के दौरान बाहरी मणिपुर के कुछ हिस्सों में वोटिंग होनी है।

### इलाके किए सील

सुरक्षा बलों ने घटनास्थल के साथ-साथ आस-पास के इलाकों को भी सील कर दिया है और अतिरिक्त पुलों पर जांच चल रही है। इंफाल पश्चिम जिले में दो युद्धरत समुदायों के ग्रामीण स्वयंसेवकों के बीच गोलीबारी के कुछ घंटों बाद आईईडी विस्फोट हुआ। पिछले साल मई से इम्फाल घाटी स्थित मेइतीस और निकटवर्ती पहाड़ी स्थित कुकिस के बीच जातीय हिंसा हुई थी। में 200 से अधिक लोग मारे गए थे और हजारों लोग बेघर हो गए।




## ऋषिकेश में एम्स के चौथे दीक्षांत समारोह में बोलीं राष्ट्रपति

# आरोग्य भूमि के रूप में होगा देवभूमि उत्तराखंड का 'नाम'

### 598 मेडिकल विद्यार्थियों को दी उपाधि, गोल्ड-सिल्वर-कांस्य पदक से नवाजा

एजेंसी ▶▶ ऋषिकेश

उत्तराखंड के ऋषिकेश में एम्स ऋषिकेश के चौथे दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि आयुर्वेद सहित भारतीय परंपरा की उपचार पद्धतियों के लिए उत्तराखंड में अनेक स्वास्थ्य केंद्र सेवारत हैं। एम्स में एलोपैथी के साथ आयुष चिकित्सा पद्धति से भी मरीजों का उपचार किया जा रहा है। ऐसे में व्यापक स्तर पर उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाओं से देवभूमि उत्तराखंड की ख्याति 'आरोग्य भूमि' के रूप में भी स्थापित होगी। चतुर्थ दीक्षांत समारोह में 598 मेडिकल विद्यार्थियों को दी उपाधि, गोल्ड-सिल्वर-कांस्य पदक से नवाजा।



### विकसित भारत के निर्माण में दें योगदान

भारत में डायबिटीज से प्रभावित लोगों की संख्या 10 करोड़ से अधिक है, जो विश्व में सर्वाधिक है। डायबिटीज के इलाज के रूप में सेमाग्लूटाइड आजकल चर्चा में है। ग्लोबल मेडिसिन युग में भी चिकित्सा से जुड़ी राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और स्थानीय समस्याओं के बारे में अनुसंधान करना और उनका समाधान करना एम्स ऋषिकेश जैसे संस्थानों की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने एम्स ऋषिकेश को पब्लिक हेल्थ और कम्युनिटी इंगेजमेंट पर अधिक से अधिक ध्यान देने का सुझाव दिया।

### भारत में पहली बार कार टी-सेल थैरेपी

आधुनिक टेक्नोलॉजी का उपयोग करना एम्स ऋषिकेश जैसे संस्थानों की प्राथमिकता होनी चाहिए। एम्स ऋषिकेश कार टी-सेल थेरेपी और स्टेम सेल रिसर्च के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रयासरत है। भारत में पहली बार इस तरह की थेरेपी विकसित की गई है। सबसे बड़ी बात यह है कि यह थेरेपी अन्य देशों की तुलना में बहुत कम खर्च पर उपलब्ध कराई जा रही है।

### अच्छा और कम खर्च में इलाज होना एम्स की बड़ी पहचान

राष्ट्रपति ने कम समय में ही प्रचुर प्रतिष्ठा अर्जित करने के लिए अतीत और वर्तमान में एम्स ऋषिकेश से जुड़े सभी लोगों की सराहना की। उन्होंने कहा कि लगभग एक दशक की अपनी विकास यात्रा से एम्स ऋषिकेश ने अच्छी पहचान बना ली है। उन्होंने कहा कि एम्स का मतलब होता है सबसे अच्छे डॉक्टरों द्वारा इलाज होना। सबसे अच्छा और कम खर्च में इलाज होना एम्स की पहचान है। एम्स के इलाज का फायदा अधिक से अधिक लोगों को मिल सके और अधिक से अधिक मेधावी विद्यार्थी एम्स में शिक्षा प्राप्त कर सकें।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25